卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्नि जनकात्मजायाः ॥ आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् ॥ वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 287 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦29 जुलाई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## कोचिंग सेंटर में हुए हादसे पर बड़ा एक्शन, जेई बरखास्त, बुल्डोजर चला

नई दिल्ली(उद संवाददाता)। राजेंद्र नगर में कोचिंग सेंटर में हुए हादसे में सोमवार को बड़ा एक्शन हुआ। एमसीडी ने कार्रवाई करते हुए जेई को बर्खास्त कर दिया है, जबकि एई को निलंबित कर दिया गया है। मौके पर तीन जेसीबी की मदद से अतिक्रमण ध्वस्त किया गया। मामले में दिल्ली पुलिस ने सोमवार को पांच और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें चार बिल्डिंग मालिक और एक थार कार का मालिक शामिल है। बताया गया है कि इस बिल्डिंग के चार मालिक हैं, जिनके नाम सरबजीत सिंह, तेजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह और परविंदर सिंह हैं। चारों चचेरे भाई हैं। ये लोग करोलबाग में रहते हैं। इन्होंने राव आइएएस कोचिंग सेंटर के मालिक अभिषेक गुप्ता को चार लाख रुपए मासिक किराए पर बिल्डिंग का बेसमेंट एरिया दे रखा था। उधर, आयुक्त अश्वनी कुमार ने बड़ी कारवाई की है। इस मामले में आयुक्त जेई को टर्मिनेट और एई को निलंबित किया गया है। डीसीपी सेंट्रल एम हर्षवर्धन ने पुष्टि की कि इस मामले में पांच और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या सात (शेष पृष्ठ सात पर)



## हादसे में बाइक सवार की मौत, दूसरा गंभीर

रामनगर (उद संवाददाता)।रविवार की देर रात रामनगर काशीपुर मार्ग पर कार और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अस्पताल भर्ती कराया गया है। जबकि मृतक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम पीरुमदारा निवासी विनोद मेहरा अपने दोस्त ग्राम बसई निवासी कौशिक बनोला के साथ रविवार रात अपनी बाइक पर किसी काम से रामनगर आ रहे थे। इसी बीच रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात (शेष पृष्ठ सात पर)



## विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में गरजे कांग्रेसी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनहित की अनेक मांगों को लेकर आज पूर्व विधायक प्रेमानन्द महाजन के नेतृत्व में भारी संख्या में कांग्रेसजनों ने कलैक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन कर मुखमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। रोषित कांग्रेसजनों का कहना



था कि कांग्रेस शासन में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत द्वारा बांग्ला भाषी बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए संत गुरूचांद ठाकुर के नाम से कोष बनाया गया था। इसी प्रकार राय सिख परिवार के बच्चों के लिए भी संत केसर सिंह के (शेष पृष्ठ सात पर)

## ज्वैलर्स शॉप में लाखों की चोरी का खुलासा, तीन गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत रात्रि ट्रांजिट कैम्प की जनपथ रोड़ पर स्थित ज्वैलर्स शॉप में हुई लाखों की चोरी का खुलासा का खुलासा करते हुए पुलिस ने चोरी के सोने चांदी के जेवरात व लाखों की नगदी सहित तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि ज्वैलस शॉप की दुकान में नकबजनी करने वाले 3 शातिर चोरों को 24 घन्टे से भी कम समय में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि 27 जुलाई को प्रांजल रस्तोगी पुत्र राजेश रस्तोगी निवासी जनपद रोड फुलसुंगी अल्मोड़ा पहाड़ी सुनार थाना ट्रांजिट कैम्प ने रपट दर्ज कराई कि अज्ञात चोरों द्वारा रात्रि में उसकी दुकान के चौनल गेट का ताला तोड़कर दुकान के अन्दर से करीब



15 किग्रा. चांदी के जेवरात व 500 ग्राम सोने के जेवरात व नगद करीब 5 लाख रुपये चोरी कर लिये गये है। एसएसपी ने बताया मामले के खुलासे के लिए टीम गठित की गई जिसने थाना अन्तर्गत करीब 200 सीसीटीवी कैमरे चैक किये गये। जिसकी बदौलत पुलिस ने आज घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्तों को गंगापुर लकड़ी के टाल के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता मोहित पाल पुत्र छत्रपाल निवासी स्वास्तिक इन्कलेव ब्लू वर्ल्ड नेशनल स्कूल वाली गली जनपद रोड फुलसुंगा, ट्रांजिट कैम्प, आकाश कुमार पुत्र रामजी गोड निवासी ग्राम भगवानपुर तिवारी थाना रामपुर कारखाना जिला देवरिया उप्र हाल निवासी ग्राम फुलसुंगा, ट्रांजिट कैम्प तथा सूरज कश्यप पुत्र राम बहादुर कश्यप निवासी पुरैनिया तला थाना मिलक जिला रामपुर हाल रुद्राक्ष कालौनी जनपद रोड फुलसुगा, ट्रांजिट कैम्प बताया। तलाशी लेने पर उनके पास से पीली धातु कुल वजन 5.710 किग्रा ,सफेद धातू के आभूषण मय डिब्बों के कुल वजन 14.932 कि०ग्रा०, चोरी की धनराशि कुल 1,40,100 रूपये बरामद किये गये। पुलिस टीम में भारत सिह निरीक्षक ट्रांजिट कैम्प, उनि अरविन्द बहुगुणा, उनि गणेश पाण्डेय, उनि जगत शाही, उनि विकास (शेष पृष्ठ सात पर)

## विद्युत कटौती के खिलाफ अभियंता को घेरा

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। विद्युत कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने की मांग को लेकर वार्ड नंबर 32 -33 भूरारानी और सिंह कॉलोनी के लोगों ने नगर निगम के सामने विद्युत विभाग पहुंचकर अधीक्षण अभियंता का घेराव कर ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि लगातार अघोषित कटौती और लो वोल्टेज से लोग दुखी हो चुके हैं और विभाग के अधिकारियों द्वारा अनदेखी की जा रही है। जिसके चलते लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है ।बिजली न होने कारण पानी की समस्या भी खड़ी हो गई है और भोजन बनाने के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है। इस भीषण गर्मी में बच्चों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है ।भाजपा नेता चुघ ने कहा कि भूरा रानी में नया फीडर बनकर तैयार है लेकिन उसे लाइनों से नहीं जोड़ा गया उन्होंने कहा कि यह फीडर तत्काल शुरू किया जाए ।उन्होंने बताया



कि दानपुर नवोदय में उच्च क्षमता के फीडर हैं ऐसे में जाफरपुर धौलपुर में भी एक नया फीडर लगाया जाए। ताकि भूरा रानी सिंह कॉलोनी के लोगों को विद्युत समस्या से निजात मिल सके। साथ ही उन्होंने कहा कि खेड़ा उच्च प्राथमिक विद्यालय के ऊपर से 11000 की विद्युत लाइन जाती है जिससे हादसा होने का खतरा बना रहता है। ऐसे में कोई जन हानि ना हो इसलिए (शेष पृष्ठ सात पर)

## तहसीलदार के कार्यालय में धरने पर बैठे ठुकराल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के चेक के नाम पर कमीशन खोरी के विरोध में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने सोमवार को तहसील पहुंचकर विरोध प्रकट किया। इस दौरान ठुकराल ने सांकेतिक धरना भी दिया। तहसीलदार द्वारा गलती स्वीकार करने और भविष्य में पारदर्शिता के साथ नियमानुसार चेक वितरण करने का आश्वासन देने पर ठुकराल ने धरना समाप्त किया। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के चेक पर तीन हजार की रिश्वत मांगे जाने के मामले को लेकर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने तहसीलदार दिनेश कुटोला के कार्यालय में पहुंचकर विरोध प्रकट किया। उन्होंने तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए सांकेतिक धरना दिया। इस दौरान ठुकराल का कहना था कि भगवान दास नाम का व्यक्ति दुर्घटना में घायल हो गया था, उसकी पत्नी ने मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से मदद की गुहार लगायी थी। पीड़ित परिवार को एकल ाख से अधिक की मदद की उम्मीद थी लेकिन मात्र पांच हजार रूपये की राहत राशि स्वीकृत हुई उसमें भी तीन हजार रूपये की रिश्वत की मांग की गयी। यह बेहद (शेष पृष्ठ सात पर)



## कलेक्ट्रेट में ऑक्सीजन पार्क का उदघाटन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला अधिकारी उदय राज सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में नवनिर्मित ऑक्सीजन पार्क का उदघाटन किया। उन्होने कहा कि आमजन को शुद्ध वातावरण उपलब्ध कराने हेतु सरकार एवं प्रशासन प्रतिबद्ध है। जिसके अन्तर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में बड़े, छायादार एवं अधिक ऑक्सीजन देने वाले वृक्ष लगाये जा रहें है। उन्होने कहा कि इस परिसर में पहले जगंल-झाड़ियां थी जिसे अन्य जिलों के लिए भी एक मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होने बताया कि कलेक्ट्रेट में आने वाले आगुन्तकों के बैठने के लिए छायादार स्थान मिल सकेगा। जिसमें वे नैसर्गिक सौन्दर्य का आनन्द के साथ शुद्ध हवा भी ले सकेंगे। उन्होने का इस ऑक्सीजन पार्क का लाभ क्षेघ्त्रवासियों को मिलेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि जिला विकास प्राधिकरण के सहयोग से भविष्य में रूद्रपुर के गांधी पार्क, सिंचाई विभाग परिसर में एवं किच्छा रोड पहाडगंज मे ग्रीन स्पेस के रूप में विकसित किये जायेंगे, जहां क्षेत्र की जनता अपने परिवार के साथ सुबह-शाम शुद्ध वातावरण में भ्रमण कर सकेंगे। उन्होने जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने-अपने आस-पास खाली स्थानों में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण (शेष पृष्ठ सात पर)



आवश्यकता है
इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एकाउंट्स का कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। टेली की जानकारी आवश्यक।
-संपर्क करें-
8433432291

## आर्थिक सहायता के चेक के नाम रिश्वत मांगने वाला गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री राहत कोष के चेक के नाम पर तीन हजार की रिश्वत मांगने वाले जावेद नाम के शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें एक दुर्घटना में घायल भगवान दास नाम के व्यक्ति ने मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता के लिए आवेदन किया था। जिस पर उसे पांच हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत हुयी, जिसका चेक तहसील में आया था। तहसील से यह चेक किसी के माध्यम से जावेद नाम के व्यक्ति तक पहुंच गया। जावेद इस चेक की ऐवज में भगवान दास से तीन हजार रूपये की रिश्वत की मांग कर रहा था। इसका ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामला बढ़ने पर जावेद के खिलाफ राजस्व उपनिरीक्षक की ओर से ट्रांजिट कैम्प थाने में जावेद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। जिसके बाद पुलिस ने रविवार रात जावेद को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने कहा कि कमीशन खोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से लाभार्थीयो को मिलने वाली धनराशि के चैक को उपलब्ध कराए जाने के एवज में कमीशन मांगने वाले बख्शे नहीं जायेंगे।

# डाक कांवड़ियों के आगमन का सिलसिला शुरू

## हरिद्वार से हर हर भोले,बम बम भोले की गूंज के बीच गंतव्यों को रवाना हो रहे लाखों कांवड़िये

हरिद्वार(उद संवाददाता)। कांवड़ मेला अपने चरम पर है। वहीं आज सावत के दूसरे सोमवार को भी हरिद्वार में कांड़ यात्रियों का रेला उमड़ा। हर रोज लाखों की संख्या में गंगाजल भरने के लिए शिवभक्त कांवड़िये हरिद्वार पहुंच रहे हैं। वहीं अब डाक कांवड़िये आने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। इस बीच रविवार को हरिद्वार के एसएसपी ने फील्ड पर उतरकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रविवार को चिलचिलाती धूप के बीच जिले के कप्तान प्रमेंद्र डोभाल अपनी टीम के साथ नेशनल हाईवे पर पहुंचे। नगला इमरती बाईपास पर एसएसपी रुके जहां उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और एसपी देहात स्वप्नकिशोर सिंह समेत तमाम अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। एसएसपी ने मीडिया से बातचीत में बताया कि आज से कांवड़ मेले का तीसरा चरण शुरू होने जा रहा है। जिसको लेकर रुट डाइवर्जन प्लान लागू हो चुका है। इसके साथ ही पुलिस कांवड़ मेला सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। उन्होंने बताया कि जब पैदल कांवड़िए चल रहे हैं तब तक नहर पटरी चलेगी। इसके साथ ही वाहनों की आवाजाही सुचारू रूप से चल रही है। एसएसपी ने कहा जो भी कांवड़िये सड़क घेरकर चल रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही बिना साइलेंसर के चलने वाली बाइकों पर भी कार्रवाई की जा रही है। बता दें बीती रात पुलिस ने प्रेशर हॉर्न और बिना साइलेंसर के चल रहे दोपहिया वाहनों पर शिकंजा कसा। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने चंडी चौक, शारदानंद घाट, ऋषिकुल तिराहा, हरि लोक तिराहा, शंकराचार्य चौक, जटवाड़ा पुल पर बिना साइलेंसर के 64 दोपहिया वाहन सीज किए गए। मॉडिफाइड साइलेंसर और बिना वैध कागज चल रहे 34 वाहनों के चालान कर 31 हजार रुपए वसूले। चेकिंग होती देख तीन दोपहिया चालक अपना वाहन छोड़कर भाग गए। उक्त वाहनों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। धर्मनगरी में कांवड़ मेले में लगातार लाखों शिवभक्त गंगाजल भरकर रवाना हो रहे हैं। अब तक 75 लाख से अधिक कांवड़ यात्री गंगाजल भरकर रवाना हो चुके हैं। अलग-अलग गंगा घाटों से गंगा में डूबने से नौ कांवड़ यात्रियों को एसडीआरएफ व जल पुलिस की टीम ने बचाया है। कांवड़ यात्रा में इस बार दिल्ली के कुल 10 लोगों ने नोटों की कांवड़ बनाकर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। पिछले चार वर्ष से कांवड़ लेने आ रहे इस समूह के सदस्यों का कहना है कि हर वर्ष वह अलग-अलग रंग और स्वरूप के साथ कांवड़ लेने आते हैं। नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की मन्नत पूरी होने पर मेरठ के महादेव सेक्टर निवासी अरुण कुमार ने कांवड़ उठाई। अरुण कुमार ने बताया कि उसने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की मन्नत भगवान भोलेनाथ से मांगी थी, जो पूरी हुई। सेवा संकल्प और अडिग अनुष्ठान के इस महापर्व में एक दिव्यांग के हौसले को भी लोग सलाम कर रहे हैं। अपने तीन पहिया वाहन से दिव्यांग उन तमाम कांवड यात्रियों के बीच हर-हर भोले बम-बम भोले की गूंज के साथ कदम ताल करते हुए हरिद्वार पहुंचा है।कांवड़ मेले में एक से बढ़कर एक भव्य कांवड़ देखने को मिल रही हैं। पांच सौ के नोटों से सजी कांवड़ में गंगाजल भरकर कांवड़ तीर्थ यात्री हरकी पैड़ी से दिल्ली के लिए रवाना हुए। पांच सौ के नोटों से सजी कांवड़ को देखने के लिए भारी भीड़ जुट गयी। दिल्ली के संबोली गांव निवासी सागर राणा अपने साथियों के साथ 500 के नोटों से सजी कांवड़ में गंगाजल लेकर दिल्ली के लिए निकले, तो लोग कांवड़ के साथ फोटो खींचते और तस्वीरें कैमरे में कैद करते नजर आए। सागर राणा ने बताया कि कावड़ में चार लाख 65 हजार रूपए कीमत के 500 के नोटों के अलावा 50 और 100 के नोट भी लगाए गए हैं। कांवड़ में कुल मिलाकर पांच लाख 21 हजार रुपए लगे हैं। उन्होंने बताया कि वह चार वर्षों से नोट वाली कांवड़ ला रहे हैं। सबसे पहले वह 10 के नोट वाली कांवड़ लाए थे, उसके बाद 100 के नोट की, उसके बाद 200 के नोट की और अबकी बार में 500 के नोट की कांवड़ लाए हैं। उन्होंने बताया कि अगली बार वह कुछ और नए अंदाज में कांवड़ लेकर हरिद्वार आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इन रुपयों को वह दिल्ली जाकर धार्मिक कार्यों में खर्च करेंगे। सुरक्षा व्यवस्था में पूछने पर उन्होंने बताया कि कांवड़ की सुरक्षा खुद कांवड़ में बैठे बाबा भोलेनाथ करते हैं।












# कावड़ यात्रा में वाहनों पर रोक से 100 उद्योगों में उत्पादन प्रभावित

## भारी वाहनों पर रोक को लेकर एसएसपी ने कुछ हद तक दी है राहत, पुलिस ने लोकल स्तर पर दी उद्योगों के वाहनों को छूट

**-हनीफ बाबा-**

सितारगंज। कावड़ मेले के कारण भारी वाहनों के आवागमन पर एहतियातन की दृष्टि से पाबंदी लगा दी गई है। जिससे सिडकुल सितारगंज में मूवमेंट करने वाली करीब 100 फैक्ट्री में उत्पादन प्रभावित हो गया है। सिडकुल इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन ने उत्पादन ठप होने का हवाला देते हुए पुलिस प्रशासन से समाधान करने पर जोर दिया है। जिसके बाद एसएसपी ने उधोगों में मूवमेंट करने वाले वाहनों को कुछ हद तक राहत प्रदान की है। इसके बाबजूद उधोगों में कुछ हद तक उत्पादन प्रभावित है। मजदूरों को काम की भी दिक्कत होने लगी है। पुलिस प्रशासन की तरफ से कावड़ मेल को देखते हुए अगस्त के शुरुआती सप्ताह तक जिलेभर के थाना क्षेत्र में भारी वाहनों पर रोक लगा दी है। जिसके बाद सितारगंन सिडकुल के उद्यमी परेशान हो गए। ऐसा इसलिए कि उद्योगों में कच्चा माल नहीं पहुंचने पर उत्पादन प्रभावित हो जायेगा। तैयार माल गोदाम और बाजारों में नहीं पहुंचने से भी उत्पादन पर विपरीत असर पड़ा है। सिडकुल इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने इस संबंध में स्थानीय प्रशासन से भी मुलाकात की थी। उन्होंने कहा था कि सिडकुल में करीब 100 उद्योगों में उत्पादन होता है। जिसमें करीब 20000 से अधिक मजदूर काम करते हैं। 8 दिन तक भारी वाहनों पर प्रतिबंध होने के कारण उधोगों में उत्पादन पर असर पड़ेगा। संबंध में सिडकुल एसोसियेशन के महासचिव दुर्गेश मोहन गुप्ता ने बताया कि कावड़ मेले के कारण भारी वाहनों पर रोक से करीब सिडकुल के करीब 100 उद्योगों में उत्पादन पर असर पड़ा है। सिडकुल सितारगंज में कच्चा माल और तैयार माल ढोने वाले भारी वाहनों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने लोकल स्तर पर इंट्री के बाद सिडकुल की फैक्ट्री में आवागमन की छूट दी है। फैक्ट्री का सामान ढोने वाले वाहन अगर यूपी बॉर्डर, पुलभट्टा, नानकमत्ता थाना क्षेत्र से सितारगंज की सीमा तक नही पहुंचे तो उद्योगों में उत्पादन करने वाली इकाइयों में मूवमेंट प्रभावित हो सकता है।




"कावड़ मेले के कारण भारी वाहनों पर रोक से सिडकुल सितारगंज के करीब 100 उद्योगों में उत्पादन का मूवमेंट प्रभावित है। वे एसोसियेशन के पदाधिकारियों के साथ इस संबंध में एसएसपी, डीएम से मिले थे। उन्होंने लोकल स्तर पर फैक्ट्री से जुड़े भारी वाहनों के पहुंचने पर सिडकुल के उद्योगों तक आवागमन की राहत प्रदान की है। अगर फैक्ट्री के भारी वाहन सितारगंज की सीमा से पहले ही रोक लिए गए तब उद्योगों में उत्पादन ठप होने के साथ ही मजदूरों को रोजगार भी नहीं मिल सकेगा।

**-दुर्गेश मोहन, महासचिव, सिडकुल इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन सितारगंज**

# बालगंगा एवं बूढ़ाकेदार क्षेत्र में राहत एवं बचाव कार्य में जुटा प्रशासन

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने टिहरी जनपद के भिलंगना विकासखंड के बालगंगा एवं बूढ़ाकेदार क्षेत्र में हुई भारी बारिश और भूस्खलन को लेकर लगातार विधायक घनसाली श्री शक्ति लाल शाह एवं जिला अधिकारी टिहरी श्री मयूर दीक्षित से राहत एवं बचाव कार्यों के बारे में जानकारी ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को तिनगढ़ गांव के अलावा आपदा प्रभावित क्षेत्र के अन्य संवेदनशील गाँवों को तत्काल चिन्हित कर प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए। इसके साथ स्थानीय निवासियों के मवेशियों एवं अन्य पालतू पशुओं को भी सुरक्षित स्थानों पर रखे जाने की व्यवस्था करने तथा राहत एवं बचाव कार्य प्रभावी तरीके से चलाए जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने बताया कि बालगंगा क्षेत्र तोली गांव में हुई 02 जनहानि हुई है। मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख के राहत राशि के चेक तथा आवास क्षति का 01 लाख 35 हजार रुपए का चेक कल ही तत्काल उपलब्ध कराए गए। 2 पशु हानि होने पर संबंधित पशुपालकों को 57 हजार 500 रुपए की मुआवजा राहत राशि के चेक वितरित किए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि तिनगढ़ गांव को कल ही खाली कराकर प्रभावित परिवारों को अस्थाई राहत शिविर रा.ई.का. बिनकखाल में शिफ्ट किया गया। शिविर में प्रभावितों हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने बताया की जनपद में 03 राज्य मार्ग, 02 जिला मार्ग तथा 26 ग्रामीण मार्ग बंद हैं, जिन्हें खोलने की कार्यवाही प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि आपदाग्रस्त ग्राम तोली, जखाणा, कोट, विशन, थाती बूढ़ा केदार, पिंसवाड़ उरणी, अगुण्डा, कोटी आदि ग्रामों में सार्वजनिक रास्ते, कृषि भूमि, सड़क, पेयजल लाईन, विद्युत आदि परिसम्पत्तियों के क्षति आंकलन/सर्वे कार्य हेतु कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य, राजस्व, उद्यान, समाज कल्याण, सहकारिता विभाग के अधिकारियों की टीमें गठित की गई हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि 27 जुलाई को अतिवृष्टि/बादल फटने से पिन्सवाड़ में तोली, कोटी, जखाणा, पिन्सवाड़, अगुण्डा में ट्रांसफार्मर व विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने से विद्युत आपूर्ति बाधित है, जिसकी सुचारीकरण की कार्यवाही की जा रही है।

# राज्य में भूस्खलन व मलबा आने 121 मार्ग पर यातायात बाधित

उत्तकाशी। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्थान बिशनपुर, नेताला, हेल्कुगाड़ व सुनगर के पास भू-स्खलन व मलबा आने के कारण अवरुद्ध हुआ है। बीआरओ की मशीनरी द्वारा मार्ग को सुचारु करने का कार्य जारी है। पिथौरागढ़ जिले में दो बार्डर रोड और 24 ग्रामीण मार्ग बंद हैं। देहरादून जिले में दो राज्य मार्ग और 23 ग्रामीण मार्ग बंद हैं। उत्तरकाशी में एक राज्य मार्ग और पांच ग्रामीण मार्ग बंद हैं। ऊधमसिंह नगर में एक राज्य मार्ग और एक ग्रामीण मोटर मार्ग बंद हैं। नैनीताल में चार, बागेश्वर में छह, चंपावत में दो, पौड़ी गढ़वाल में तीन, टिहरी में 12 और रुद्रप्रयाग जिले में सात ग्रामीण मोटर मार्ग प्रभावित हैं। प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में सोमवार यानी आज तेज बारिश के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत पौड़ी, चम्पावत, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ हिस्सों में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी कई दौर की तेज बारिश हो सकती है। आने वाले दिनों की बात करें तो जुलाई के अंत तक प्रदेशभर के अधिकतर हिस्सों में तेज बारिश के आसार हैं। राजधानी दून समेत पर्वतीय इलाकों में सप्ताह भर बाद चटक धूप खिली तो उमसभरी गर्मी ने परेशान किया। दून में तो आलम यह रहा कि अधिकतम तापमान पांच डिग्री बढ़कर 35 डिग्री पहुंच गया। मौसम विज्ञान केंद्र के आंकड़ों के अनुसार बीते 10 वर्षों में यह पहली बार है जब 28 जुलाई को यहां का तापमान 35 डिग्री रिकॉर्ड किया गया हो।

# भूमि विवाद के मामले जनपद स्तरीय कोर्ट मे सुलझाने के निर्देश

हल्द्वानी। कैम्प कार्यालय में आयुक्त दीपक रावत ने जनसुनवाई कर मौके पर शिकायतों का समाधान किया। जन शिकायतों में अधिकांश शिकायतें, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद व अतिक्रमण, सडक, जलभराव, आपदा राहत आदि से सम्बन्धित आई। कई वर्षो से लम्बित भूमि विवाद की समस्याओं में धनराशि व भूमि वापस मिलने पर लोगों द्वारा आयुक्त का आभार व्यक्त किया। जनसुनवाई आयुक्त के संज्ञान में शिकायत आई कि जनपद अल्मोडा के विकास खण्ड भिकियासैन क्षेत्र में भूमि धार्मिक प्रयोजन हेतु भूमि का अधिग्रहण किया गया था लेकिन उक्त भूमि पर जांच के दौरान पाया गया कि उक्त भूमि पर अन्य गतिविधियां संचालित हो रही थी जिस पर आयुक्त ने कडी नाराजगी व्यक्त करते हुये तहसीलदार को उक्त भूमि जब्त कराने के निर्देश दिये साथ ही उन्होने मण्डल के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि इस प्रकार के प्रकरण पाये जाने पर जांच कर कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये। आयुक्त ने मण्डल के सभी उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को भूमि विवाद के मामले जनपद स्तरीय कोर्ट मे सुलझाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लोग छोटी-छोटी शिकायतों को लेकर जनसुनवाई में आते जो उचित नही है। आयुक्त श्री रावत ने उपजिलाधिकारी एवं तहसील से कहा कि उनके स्थानीय कोर्ट में भूमि के फ्रॉड के केसों को प्राथमिकता के साथ सुना जाए ताकि एक सामान्य व्यक्ति को समय से न्याय मिल सके। आयुक्त ने कहा बैंक जिस भूमि को बंधक बनाकर लोन देते उसकी सूचना तहसील स्तर पर नही दी जाती है जिससे बंधक भूमि का अंकन खतौनी में नही होने से भू-माफियाओं द्वारा भूमि को लगातार क्रय-विक्रय किया जाता है जिससे आम आदमी को परेशानी से गुजराना पडता है। आयुक्त ने मण्डल के सभी बैंक के अधिकारियों को निर्देश दिये है कि जो भी बैंक भूमि को बंधक



बनाते है उसकी सूचना तत्काल तहसील/भूलेख कार्यालय स्तर पर सूचना देना सुनिश्चित करें ताकि खतौनी में बंधक भूमि का अंकन हो सके, तथा फर्जीवाड़े से लोगो निजात मिल सके। विगत जनसुनवाई में जनपद उधमिंसंह, लालपुर निवासी जयश्री ने बताया कि उन्होंने सतपाल से जमीन क्रय की थी धनराशि देने के पश्चात सतपाल द्वारा उक्त जमीन की ना तो रजिस्ट्री की और ना ही कब्जा दिलाया। आयुक्त ने सतपाल को कार्यालय में तलब कर रजिस्ट्री एवं कब्जा जयश्री को दिलाया जिस पर जयश्री ने आयुक्त का आभार व्यक्त किया। आनसिंह रामड़ी के निवासियों द्वारा बताया गया कि उनके निकट मंगल सिंह कुटियाल बिल्डर्स द्वारा रिहायशी विला का निर्माण किया जा रहा है जिसका पानी उनकी कॉलोनी में आता है और उससे लोगां का आवागमन बाधित होता है। इस मौके पर कुटियाल बिल्डर्स के सुपरवाईजर द्वारा बताया गया कि विला में कुल 40 प्लेटस बन रहे है। जिस पर आयुक्त ने पूछा कि उक्त स्थान पर एसटीपी,पार्क, ड्रेनेज सिस्टम, वाटर हार्वेसिंटग आदि का निमार्ण नही किया है। जिस पर आयुक्त ने कठोर आपत्ति जताई और सब रजिस्टार को कुटियाल द्वारा बनाई गई कॉलोनी पर क्रय-विक्रय पर रोक लगाई जाए। उन्होंने उपजिलाधिकारी, प्राधिकरण के अधिकारी एवं तहसीलदार संयुक्त टीम बनाकर सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। आयुक्त ने जनसुनवाई में आम जनता से अपील की है कि भूमि खरीदने से पहले जिसके द्वारा भूमि बेची जाती उसके बारे में नाम, पता की जांच अवश्यक करें। जिससे भविष्य में होने वाली धोखाधडी से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा जनसुनवाई मे अधिकांश भू-माफिया बार-बार इस प्रकार के प्रकरणों में लिप्त पाये जाते है ऐसे भू-माफियाओं के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत एफआईआर की कार्यवाही की जायेगी। जनसुनवाई में जयंती देवी निवासी किच्छा ने रिर्पोट दर्ज कराने, सरोज बोहरा निवासी कालटैक्स ने आंगन में गटर पाईप उनके आंगन में आने से, गुरमीत सिंह द्वारा अनैतिक तरीके से भूमि का रजिस्ट्री कराने, नरेश कुमार वर्मा ने न्याय दिलाने की मांग की। आयुक्त ने जनसुनवाई में अधिकांश शिकायतों का मौके पर समाधान किया।

## स्कूटी की डिग्गी में रखा मोबाइल व नगदी चुराई

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एमबीपीजी में परीक्षा देने गए एक छात्र की स्कूटी कीर डिग्गी में रखा आईफोन और नगदी अज्ञात चोर चुरा ले लिया। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस चोर को तलाश कर रही है। नीलकंठ कालोनी रामपुर हल्द्वानी निवासी गौरव बिष्ट पुत्र चंदन सिंह बिष्ट ने पुलिस को सूचना दी है कि 27 जुलाई को एमबीपीजी में बीए तृतीय वर्ष की परीक्षा देने के लिए गया हुआ था। उसने अपने दोस्त प्रकाश जोशी का आईफोन और नगदी स्कूटी की डिग्गी में रख दिए। जब वह परीक्षा देकर वापस आया तो स्कूटी की डिग्गी का लॉक टूटा हुआ था और उसका रखा फोन और पैसे भी गायब थे। पीड़ित ने चोर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## 50 हजार की नगदी समेट महिला घर से लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प शिवनगर में एक व्यक्ति द्वारा मकान की मरम्मत के लिए घर में रखे पचास हजार रुपए लेकर उसकी पत्नी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। मामले की जानकारी थाना पुलिस को दे दी गई है। देव सिंह पुत्र रामप्रकाश सिंह निवासी शिवनगर ट्रांजिट कैंप का कहना है कि उसकी शादी अनिषा निवासी बिलासपुर जिला रामपुर से लगभग 1 वर्ष पूर्व हुई थी। उसका घर शिवनगर में है जिसकी मरम्मत के लिए उसने लगभग 7 दिन पूर्व अपने मित्र से 50 हजार रुपये उधार लिए थे। लेकिन मौसम खराब होने के कारण वह घर की मरम्मत नहीं करा पाया और 50 हजार रुपये घर में ही अपनी पत्नी के पास रख



दिए और अपनी मजदूरी पर जाने लगा। उसका कहना है कि 26 जुलाई को वह सुबह ड्यूटी पर चला गया और उसकी पत्नी अनिषा घर पर ही थी। जब शाम लगभग 6 बजे ड्यूटी पर से वापस आया तो देखा कि उसकी पत्नी अनिषा घर पर नहीं थी। काफी खोजबीन की लेकिन अनिषा का कोई पता नहीं चल सका। पड़ोस में पूछताछ करने पर पता चला कि उसकी पत्नी सुबह लगभग 11बजे ही चली गयी थी। देव सिंह ने बताया कि जब उसने घर पर आकर रुपये चेक किये तो घर पर रखे 50 हजार रुपये भी नहीं थे। इस बारे में जब उसने अपने ससुराल में फोन किया तो उसकी सास मनीषा ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। देव सिंह ने बताया कि उसको अंदेशा है कि उसकी सास ने ही अपनी पुत्री अनिषा को गायब किया है।

## श्रद्धा के साथ मनाया प्रकाश पर्व

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा गोल मार्केट में गुरु श्री हरी किशन राय जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा भाव से मनाया गया। स्त्री सत्संग सभा द्वारा रखे गए सहज पाठ का भोग पड़ा व कथा वाचक ज्ञानी रंजीत सिंह ने गुरूजी के जीवन पर प्रकाश डाला। रागी भाई गुरुजीत सिंह जी ने शबद कीर्तन सुनाकर संगत को निहाल कर दिया । लंगर प्रसाद की सेवा भी की गयी ।इस अवसर पर इन्द्रजीत सिंह, गुरमीत सिंह बठला, नरेश सेठ, हरी बलवीर सिंह कामरा, जसविंदर गावा, जीत सिंह चाचू,महेंद्र सिंह असीजा, हरवीर सिंह, मानसिंह ग्रोवर, मोहन अरोरा व स्त्री सत्संग सभा की संगत उपस्थित थी स अंत में स्त्री सत्संग की प्रधान बीबी परमजीत कौर पम्मी ने आई हुई सारी संगत का आभार व्यक्त किया।

**गोदाम और फ्लैट किराये हेतु उपलब्ध**

- 5000,10,000 एवं 20,000 वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।
- मैट्रोपोलिस एवं सामिया में 2 एवं 3 बीएचके के फ्लैट उपलब्ध हैं।

-सम्पर्क करें-
9568300033
9568300015

## एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने मनाया स्थापना दिवस

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू,संरक्षक हरीश चन्द पाण्डेय के नेतृत्व में संस्था के आठवें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर संस्था पदाधिकारियों ने हल्द्वानी प्राचीन श्री राम मन्दिर में संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया। इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था उपाध्यक्ष लोकेश कुमार साहू मीडिया प्रभारी मुकेश सरकार ने संयुक्त रूप से कहा कि जिस दिन से एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था की स्थापना हुई है। उस दिन से ही संस्था धर्महित समाजहित भारतहित में लगातार कार्य कर रही है और हम भगवान से प्रार्थना करते है की भगवान हमको सदैव इतनी शक्ति प्रदान करते रहें की हम सभी संस्था के द्वारा हमेशा दृढ़ संकल्प शक्ति आस्था निष्ठा के साथ धर्महित समाजहित भारतहित में सदैव कार्य करते रहें जिससे हम सभी भारतीय एक साथ मिलकर अपने भारत देश को जल्द से जल्द विश्व गुरु बना सकें और एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था भगवान के आशीर्वाद से भविष्य में आगे कई हजार गुना तेजी से धर्महित समाजहित भारतहित में हमेशा कार्य करती रहेगी। संस्था के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का गायन प्राचीन श्री राम मन्दिर के पंडित विवेक शर्मा सहित उनकी टीम ने किया। इस दौरान संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन करने में संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू ,संरक्षक हरीश चन्द्र पाण्डेय ,रुपेन्द्र नागर, उपाध्यक्ष लोकेश कुमार साहू, महामंत्री चिरौंजी लाल, सचिव नन्दकिशोर आर्या, कोषाध्यक्ष बलराम हालदार, योगा प्रभारी धर्मा कुमारी बिष्ट, मीडिया प्रभारी मुकेश सरकार, मार्गदर्शक विपिन चन्द पाण्डेय, आरपी सिंह, विनीत अग्रवाल, खेमराज साहू, मनीष साहू, योगिता बनोला, अलका टंडन, कमलेश आर्या, रोहतास प्रजापति, अमित आर्या, सूरज कुम्हार, रोहित देव, रितिक साहू, रिंकी गुप्ता, पूजा जोशी, पूर्णिमा रजवार, कल्पना रावत, सूरज मिस्त्री, एकता जायसवाल, प्रीति आर्या, शैफाली जायसवाल, कुसुम बोरा, प्रेमा बृजवासी, खुशबू जायसवाल, कल्पना भंडारी, पीयूष शर्मा, उमाकांत उपाध्याय, पंकज कुमार, ममता देवल, सीता साहू, दीपक कुमार, संदीप यादव, निखिल साहू, पूनम गुप्ता, पुलकित कुमार, युवराज गुप्ता, नन्दकिशोर आर्या, गोविन्द मिस्त्री, रेनू टंडन, चंपा त्रिपाठी, विजय गुप्ता, जानकी कश्यप, कोमल गर्ग, रेखा साहू, लक्ष्मी हालदार, निकिता साहू, ममता रावत, अंशिका साहू, अमित गोस्वामी, सुशील राय, अमन कुमार, मुकेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।



## लापता बालक को परिजनों से मिलाया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लापता हुए ग्यारह वर्षीय बालक को पुलिस ने ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार व्यक्त किया। मुखानी थाना पर सूचना प्राप्त हुई कि 11 वर्षीय बालक निवासी लोहारिया साल मल्ला मुखानी जो कि 3:30 बजे घर से साइकिल लेकर निकला था तथा वापस नहीं आया बच्चा पहले कभी भी घर से इतनी देर तक साइकिल लेकर नहीं गया था। बच्चे की गुमशुदगी की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने पुलिस टीम को बच्चे की ढूढ़-खोज में लगाया। टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए बच्चे को आस-पास हल्द्वानी क्षेत्र में, बाजार एवम हल्द्वानी में लगी नुमाइश में ढूंढ खोज किये जाने पर मात्र एक घंटे में नुमाईश में बालक सकुशल मिल गया। पुलिस टीम द्वारा बालक की काउंसलिंग कर उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया। गुमशुदा बालक के सकुशल वापस मिलने पर उसके परिजनों के द्वारा नैनीताल पुलिस की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रजनी आर्या, कांस्टेबल बलवंत सिंह,जगदीश राठौर ,गणेश गिरी,रणवीर सिंह, धीरज सुगड़ा आदि शामिल थे।



# भागवत कथा के श्रवण से नष्ट होते हैं पाप: शास्त्री

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के अष्टम दिवस की कथा करते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने बताया कि भागवत की कथा सुनकर परीक्षित कृतार्थ हुए, मरण को सुधारने के लिए भागवत शास्त्र है जो जीवन को सुधारता है, मरण सुधारना है तो प्रत्येक क्षण को सुधारो, रोज सोचो विचारो और मन को बार बार समझाओ कि ईश्वर के बिना मेरा कोई नहीं है ,इस शरीर को भी मुझे एक दिन छोड़ना पड़ेगा, अत: यह भी मेरा नहीं है,जब शरीर ही मेरा नहीं है तो मेरा है ही कौन, सभी संबंध शरीर के कारण ही उत्पन्न हुए हैं, भावना करो कि ना तो मैं किसी का हूं और ना ही मेरा कोई है, प्रत्येक मनुष्य को चाहिए कि वह हरपल सर्वात्मा सर्वशक्तिमान भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का ही श्रवण, कीर्तन और भजन करें। प्रसाद की सेवा राकेश रस्तोगी निवासी करतारपुर रोड के परिवार और लक्ष्य अरोरा निवासी चौहान कॉलोनी के परिवार द्वारा दी गई।



# हार्ट अटैक से हुई थी भास्कर पाण्डेय की मौत

## पिता ने लगाया था हत्या का आरोपः पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी उठ रहे गंभीर सवाल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अयोध्या जिले में उत्तराखंड पुलिस की कस्टडी में हुई युवक की मौत हार्टअटैक से हुई थी। डॉक्टर के पैनल से हुए पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने यह दावा किया है। सिद्धार्थ नगर जिले के महुलानी निवासी भास्कर पांडेय (32) शुक्रवार को एलएलबी की परीक्षा देने के लिए आए थे। इस बीच उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले की रुद्रपुर पुलिस ने उन्हें नया घाट के पास से गिरफ्तार कर लिया। थोड़ी देर बाद उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। भास्कर के ऊपर उत्तराखंड में एक कंपनी में 50 लाख रुपए के गबन का मुकदमा दर्ज है। मृतक के परिजनों ने पुलिस कस्टडी में युवक की हत्या का आरोप लगाया था। नगर कोतवाल अश्वनी पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। मौत की वजह डॉक्टर ने हार्ट अटैक बताई है। मामले की जांच अभी की जा रही है। वहीं दूसरी तरफ अयोध्या में पुलिस हिरासत में एलएलबी छात्र भास्कर पांडेय की मौत के मामले में रुद्रपुर पुलिस की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। उसके पिता रामेश्वर पांडे ने कहा कि उनको न बेटे की गिरफ्तारी की सूचना दी गई और न ही एफआईआर के बारे में पुलिस ने कुछ बताया था। कहा कि पुलिस ने उनके बेटे की हत्या की है। उन्होंने उत्तरप्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ से पूरे मामले की जांच कराकर आरोपियों को सजा दिलवाने की मांग की। दरअसल शुक्रवार रात रुद्रपुर पुलिस की हिरासत में लिए गए भास्कर पांडेय की अयोध्या में मौत हो गई थी। कई आपराधिक मामलों में कार्रवाई के नाम पर बैकफुट पर रहने वाली पुलिस इस मामले में कुछ ज्यादा ही तेजी दिखाई। अब युवक की मौत के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। दो महीने पहले अभियुक्त को इसी मामले में पूछताछ के नाम पर कोतवाली में रखा गया और फिर लंबी पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। भास्कर के पिता का आरोप है कि पूर्व में भी तीन बार बेटे को रुद्रपुर में पुलिस ने हिरासत में रखकर प्रताड़ित किया था। पांच मई को कोतवाल की ओर से कोर्ट




में भास्कर पर कोई आरोप नहीं होने और छोड़ने की बात अदालत में लिखकर देनी पड़ी थी। परिजनों का कहना है कि दो महीने पहले शिकायत पर भास्कर से लंबी पूछताछ हुई थी और फिर दो महीने बाद अचानक केस दर्ज करने के पीछे क्या वजह रही। केस दर्ज होने के दस दिन बाद ही भास्कर को गिरफ्तार भी कर लिया गया। अयोध्या के डॉक्टर का कहना था कि जब भास्कर को अस्पताल लाया गया था तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सिद्धार्थनगर के महुलानी, बर्डपुर निवासी मृतक के पिता रामेश्वर पांडेय ने पूछा कि पुलिस ऐसी कौन सी कार्रवाई कर रही थी कि परिजनों को बेटे की गिरफ्तारी की सूचना देना तक जरूरी नहीं समझा गया। पुलिस ने आठ बजे बेटे को उठाया और 12 बजे रात उन्हें फोन आया। गिरफ्तारी के चार घंटे बाद बेटे की मौत की सूचना दी गई। कहा कि दोनों राज्यों की पुलिस मिली हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि साधारण से नियमों का पालन क्यों नहीं किया गया। भास्कर को हिरासत में लेने वाले कौन–कौन थे। उनका बेटा वांछित अभियुक्त कैसे हो गया। चार घंटे तक पुलिस ने उनके बेटे को कहां रखा। रामेश्वर पांडेय ने कहा कि रुद्रपुर पुलिस ने भास्कर को अयोध्या के लता मंगेशकर चौक से शुक्रवार को बस से उतार कर अवैध रूप से हिरासत में लिया था। मानसिक प्रताड़ना से उनके नौजवान बेटे की मौत हुई है। पोस्टमार्टम में हार्ट अटैक से मौत का कारण आया है। उनको न्याय चाहिए और इसके लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। कहा कि बेटे पर गबन के सारे आरोप निराधार हैं। कहा कि बेटे को तीन– तीन बार पूछताछ के नाम पर रुद्रपुर पुलिस ने हिरासत में रखा। सीधा आरोप है कि इस दौरान उसको मारापीटा और धमकाया गया था। वे मृत बेटे को न्याय दिलाने के लिए अंतिम दम तक लड़ेंगे। मृतक के साले शुभम त्रिपाठी का कहना है कि मई में जीजा को रुद्रपुर पुलिस ने बिना एफआईआर के पूछताछ के नाम पर कोतवाली में रखा था। पुलिस ने बकायदा कोर्ट में लिखित में जीजा को छोड़ने और उन पर कोई केस नहीं होने का हवाला दिया था। जीजा के मोबाइल भी जब्त कर लिए थे और चाचा के कहने पर काफी दिनों बाद मोबाइल वापस लौटाए गए थे। कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। वहीं एसएसपी मंजूनाथ टीसी के अनुसार कोतवाली में दर्ज एफआईआर में नामजद अभियुक्त की मौत के बाद नियमानुसार पुलिस टीम ने कार्रवाई कर दी थी। हार्टअटैक से मौत होने की बात कल बता दी गई थी। पीएम रिपोर्ट में क्या हुआ और बाकी सब चीजों के बारे में अयोध्या पुलिस ही जानकारी दे पाएगी। आरोपों पर कुछ नहीं कहना है। जिन बिंदुओं पर वे जानकारी दे सकते थे, वो आपको बता दिया गया है।

## कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने आपदाग्रस्त क्षेत्रों का किया निरीक्षण

टिहरी। टिहरी के प्रभारी व उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने घनसाली के बूढ़ाकेदार में आई आपदा ग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री अग्रवाल ने तौलीगाव और तिंनगढ़ गांव के आपदाग्रस्त पीड़ित 50 परिवारों से मुलाकात भी की। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने आपदाग्रस्त क्षेत्रों का किया निरीक्षणकैबिनेट मंत्री ने पीड़ितों से भी की मुलाकातसरकार पीड़ितों की मदद के लिए हर समय तैयारग्रामीणों ने रखी विस्थापन की मांग शुक्रवार और शनिवार को टिहरी में कई इलाकों में आपदा आई। जिस कारण कई लोग बेघर हो गए तो कई लोगों को ये आपदा कभी ना भरने वाले जख्म दे गई। आपको बता दें कि जिला प्रशासन के द्वारा आपदा से पीड़ित तिनगढ़ गांव के 50 से 55 परिवारों को विनय खाल स्कूल में रहने खाने और सोने की व्यवस्था की गई है। इस स्कूल में ही सभी पीड़ित परिवार रह रहे हैं। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि जिस प्रकार से तौलीगाव की घटना हुई और दूसरे गांव तिंनगढ़ गाव में जिस प्रकार बरसात के बाद एकदम तेजी से जो पानी



आया वो बहुत भयानक था। तौलीगांव में मलबा आने के कारण दो लोगों की मौत हुई है।उनको लेकर हमारी सरकार मदद के लिए हर समय तैयार है। पीड़ितों को क्षतिपूर्ति देकर सुरक्षा को देखते हुए दूसरी जगह पर शिफ्ट कर दिया गया है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि तीनगढ़ गांव के 50 से 55 परिवारों को स्कूल में शिफ्ट किया है। पीड़ित परिवारों से मुलाकात करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे इस बात का संतोष है कि टिहरी जिला प्रशासन, विधायक और कार्यकर्ता पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए। इसके लिए वो उनका धन्यवाद करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पीड़ितों की मदद के लिए हर समय तैयार है। पीड़ित ग्रामीणों से मुलाकात के दौरान विस्थापन की मुख्य मांग रखी है। ग्रामीणों की मांग को देखते हुए आस–पास की सही जमीनों का सर्वेक्षण भी करवा रहे हैं। अच्छी सुरक्षित जमीन ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं। जैसे ही जमीन मिल जाएगी तो तत्काल मुख्यमंत्री से बात करके विस्थापन की कार्रवाई की जाएगी। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वो टिहरी का प्रभारी मंत्री हैं और मुख्यमंत्री से लगातार आपदा को लेकर बात हो रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फोन पर बात करते हुए कहा कि आपदा पीड़ित लोगों को किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। पीड़ितों की जो भी समस्याएं है उनकी सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## आलंपिक मेडल जीतने पर सीएम धामी ने दी मनु भाकर को दी बधाई

देहरादून। मनु भाकर ने पेरिस ओलम्पिक में वुमेन्स 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में ब्रोंज मेडल हासिल कर देश का नाम रोशन किया है। मनु की उपलब्धि पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन्हें बधाई दी है। मनु भाकर निशानेबाजी में कोई भी मेडल जितने वाली पहली भारतीय महिला बन गई है. बता दें ये मनु का दूसरा ओलम्पिक है. मनु ने टोक्यो 2020 में डेब्यू किया था। लेकिन 10 मीटर एयर पिस्टल क्वालीफिकेशन राउंड के दौरान उनकी पिस्टल ने उन्हें धोखा दे दिया। जिस वजह से वह मेडल नहीं जीत सकी। लेकिन इस बार मनु ने ध



माकेदार प्रदर्शन कर ब्रोंज मेडल अपने नाम किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धमी ने पेरिस ओलम्पिक खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओलम्पिक 2024 में यह देश का पहला मेडल है, मुझे विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी आगामी प्रतियोगिताओं में भी देश को गौरवान्वित करते रहेंगे।

## जर्जर फौजी मटकोटा दिनेशपुर मार्ग को लेकर यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका सरकार का पुतला

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। फौजी मटकोटा दिनेशपुर मार्ग पर दुर्घटना में हो रही मौतों से आक्रोशित यूथ कॉग्रेस के कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन कर सरकार का पुतला दहन किया। इस दौरान यूथ कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अशोक लीलैंड फौजी मटकोटा से होते हुए दिनेशपुर जा रही सड़क जर्जर हालत में है, जिसमें अनेकों गांव स्कूल निजी चिकित्सालय एवं कॉलेज संचालित हैं। मटकोटा रोड कंपनी अशोक लीलैंड से ही खराब एवं जर्जर हालत में है। रोड पर गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिसमें आये दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। जिसमें अनेकों छात्रों और बुजुर्गों का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया है,। यह दोनों रोड विधानसभा रुद्रपुर व गदरपुर को आपस में जोड़ती है, दोनों ही विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के विधायक है। अपनी ही सरकार में दोनों विधायक नाकाम साबित हो रहे हैं और दोनों मिलकर एक सड़क नहीं बनवा पा रहे। पुतला फूंकने वालों में यूथ कांग्रेस रुद्रपुर विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र सागर, जिला अध्यक्ष अराज संधु सहित कई कार्यकर्ता थे।

## काली नदी में युवती के कूद मारने का वीडियो वायरल

पिथौरागढ़। झूलाघाट में भारतीय सीमा से लगे नेपाल दार्चुला खलंगा रिगंनेताल के नजदीक महाकाली नगरपालिका निवासी धनिसा कुंवर (25) ने काली नदी में कूद मार दी। युवती के नदी में कूद मारने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शनिवार शाम को स्थानीय निवासियों ने धनिसा को काली नदी किनारे देखा। इसकी सूचना जिला प्रहरी दार्चुला को दी गई। जिला प्रहरी कार्यालय दार्चुला के प्रवक्ता प्रहरी निरीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि प्रहरी टीम के काफी रोकने के बाद भी धनिसा नहीं मानी। प्रहरी टीम जैसे ही धनिसा के नजदीक पहुंची उसने काली नदी में कूद मार दी। प्रहरी निरीक्षक ने बताया कि काली नदी का जलस्तर और बहाव अधिक होने के कारण उसे को बचाया नहीं जा सका। उसकी खोज की जा रही है। वहीं दूसरी घटना में तीन दिन पूर्व मायके जाने की बात कहकर घर से निकली महिला का शव बरड़ गाड़ में मिला है। तारा देवी पत्नी लक्ष्मण सिंह कार्की निवासी चौंसाला तीन दिन पूर्व मायके जाने की बात कहकर घर से निकली थी। इसके बाद वह मायके नहीं पहुंची। परिजन और गांव वाले तीन दिन से बरड़ गाड़ के किनारे उनकी खोजबीन कर रहे थे। रविवार सुबह घास काटने के लिए गई महिलाओं ने शव दो पत्थरों के बीच फंसा देखा। थल थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## ब्राह्मण समाज उत्थान परिषद के पंडित सुभाष चन्द्र जोशी अध्यक्ष

देहरादून(उद संवाददाता)। ब्राह्मणों की सशक्त संस्था ब्राह्मण समाज उत्थान परिषद, पंजी. के यहां हुए त्रिवार्षिक चुनाव में आज भागवताचार्य पंडित सुभाष चंद्र जोशी जी अध्यक्ष एवं उमानरेश तिवारी को महासचिव निर्वाचित घोषित किया गया। स्थानीय गांधी रोड स्तीथ महात्मा खुशीराम लाइब्रेरी के सभागार में आयोजित ब्राह्मण समाज उत्थान परिषद के त्रिवार्षिक चुनाव में चुनाव अधिकारी रामजी दूबे ने उक्त घोषणा करते हुए बताया कि उपरोक्त के अलावा एस.पी.पाठक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अरुण पांडेय व प्रदीप शुक्ला कनिष्ठ उपाध्यक्ष, रविकांत मिश्रा से कोषाध्यक्ष, जयकरण मिश्रा मंत्री, उमाशंकर शर्मा व विजय शंकर पांडेय संयुक्त मंत्री, डॉ.वी.डी.शर्मा प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी, पं. शशिकांत दूबे, राजकुमार तिवारी, आलोक पांडेय, पवन त्रिपाठी संगठन मंत्री, दिनेश्वर नाथ दुबे प्रचारख्प्रसार मंत्री, वीरेंद्र मिश्रा ऑडिटर, एडवोकेट देवराज तिवारी विधि सलाहकार, रामप्रताप मिश्र ष्साकेतीष पत्रिका संपादक चुने गए। इनके अलावा विनोद पांडेय, देवमणि तिवारी, राकेश पंडित व अनूप दूबे सदस्य कार्यकारिणी चुने गए। उपरोक्त के अतिरिक्त महंत कृष्णगिरी महाराज, निवर्तमान महापौर सुनील उनियाल गामा, मैनेजर पांडेय,श्यामबाबू पांडेय, रमा शंकर शुक्ला, एस एन उपाध्याय, डी पी पांडेय, गोडबोले, श्याम उपाध्याय को संरक्षक घोषित किया गया। चुनाव से पूर्व परिषद की प्रगति रिपोर्ट, अध्यक्षीय आभार, आय व्यय की ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुभाष चंद्र जोशी व उमानरेश तिवारी जी द्वारा शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने पर चुनाव अधिकारी रामजी दूबे, मणि राम बडोनी, विनोद त्यागी का आभार व्यक्त किया गया। निवर्तमान महापौर सुनील उनियाल गामा जी द्वारा परिषद द्वारा किए जा रहे जनहितार्थ कार्यों की भूरि–भूरी प्रशंसा की।




## निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)निदेशक होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं, उत्तराखंड डा० जे.एल.फिरमाल एवं चंपावत के जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा० अशोक सिंह नगरकोटी के आदेशानुसार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निरन्तर कैंप के माध्यम से आम जन को स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने व सरलता से उन तक औषधि पहुंचने के क्रम में ज्ञानखेड़ा–टनकपुर जनपद चंपावत में निशुल्क डेंगू से बचाव



/ रोकथाम हेतु होम्योपैथिक चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया उक्त शिविर में डा० अशोक सिंह नगर कोटी जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी चंपावत की उपस्थिति में डा० कमल कुमार,राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय चम्पावत, उपेंद्रनाथ गुप्ता फार्मासिस्ट राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय, लोहाघाट ने प्रतिभाग किया व सरोज मोनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ती द्वारा सहयोग किया गया । 100 से अधिक लोगों ने शिविर का लाभ उठाया।

# भाजपा के राज में खुलेआम चल रहा कमीशन का खेल: ठुकराल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मुख्यमंत्री राहत कोष से जारी हुए पांच हजार रुपये का चेक लेने के लिए तीन हजार रुपये रिश्वत मांगने का ऑडियो वायरल होने के मामले में सरकार के सिस्टम पर सवाल खड़े किए हैं। सिटी क्लब में आयोजित पूर्व विधायक ने प्रेस वार्ता में आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों से हर काम में कमीशन का खेल चल रहा है। ठुकराल ने कहा जब वह विधायक थे, तब उन्होंने करीब हजारों लोगों सीएम राहत कोष से चेक दिलवाए थे। किसी से भी कमीशन नहीं लिया, लेकिन अब सीएम राहत कोष के चेकों पर कमीशन मांगा जा रहा है। उन्होंने कहा कि वायरल हो रहे ऑडियो में साफ पता चल रहा है कि भगवानदास के सीएम राहत कोष से आए पांच हजार का चेक देने के लिए कथित जावेद नाम का एक व्यक्ति तीन हजार रुपये मांग रहा है। और कह रहा है कि बाद में 20 हजार का और चेक आएगा। ठुकराल ने कहा कि भगवानदास नाम का गरीब व्यक्ति दुर्घटना में घायल हो गया था उसने सीएम राहत कोष से आर्थिक सहायता के लिए मदद मांगी थी उसे सिर्फ पांच हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत हो पायी उसमें भी तीन हजार रूपये की रिश्वत मांग ली गयी। यह भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार का बड़ा उदाहरण है। पूर्व विधायक ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से हर काम में कमीशन का खेल चल रहा है। पहले तैंतीस प्रतिशत कमीशन मांगा जा रहा था अब तो साठ प्रतिशत मांगा जा रहा है। रूद्रपुर में कानून व्यवस्था चौपट है। पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है। उन्होंने एसएसपी पर सफेदपोशों के दबाव में काम करने का आरोप लगाया। कहा कि सीएम को कमीशन के खेल और बिगड़ती कानून व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए, नहीं तो आने आने वाले समय में भाजपा का प्रदेश और देश से सफाया तय है। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्योया, मंगलौर, बद्रीनाथ, चित्रकूट, बालाजी धाम समेत सभी धार्मिक स्थलों पर चुनाव हार चुकी है। देश में 302 सीट वाली सरकार 240 पर सिमट चुकी है। अगर अब भी नहीं सुधरे तो केदारनाथ उपचुनाव में भी हार होगी। पूर्व विधायक ने कहा कि वह तहसीलदार कार्यालय में कार्रवाई की मांग को लेकर धरना देंगे।



## चेक के लिए रिश्वत मांगने का आरोप सुनियोजित षडयंत्रः शिव अरोरा

रुद्रपुर। विधायक शिव अरोरा ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में चैक प्रकरण पर स्पष्ट रूप से कहा कि कोई भी आर्थिक सहायता का चैक बांटने की तहसील स्तर से बहुत पारदर्शी प्रकिया है। चैक प्राप्त करने वाले व्यक्ति के बकायदा रजिस्टर में हस्ताक्षर व सभी जरूरी प्रकिया के बाद चैक सौंपा जाता है। ऐसे मे पूर्व जनप्रतिनिधि द्वारा चैक पाने वाले के साथ की गयी प्रेसवार्ता में लगाये गये आरोप निराधार हैं । उस व्यक्ति द्वारा चैक न मिलने पर न तो विधायक कार्यालय से सम्पर्क किया गया और न ही तहसील स्तर पर चैक प्राप्त न होने की जानकारी दी गयी। विधायक ने कहा मुख्यमंत्री राहत कोष से आज तक हजारों चैक बांटे जा चुके है आज तक ऐसी घटना सामने नहीं आयी है यह एक सुनियोजित षड्यंत्र है और इसकी जांच होने चाहिए। साथ हीं रिकॉडिंग में जो भी लोग बात कर रहे है उसकी जांच हो। किसके इशारे पर चैक पाने वाले ने यह कार्य किया यह जांच होने पर साफ होगा। जो चैक न मिलने का आरोप लगा रहा है आखिर उसको तहसील से चैक बिना कोई जटिलता के मिल भी जाता है यह सोचने की बात है। विधायक ने कहा कि उनके कार्यकाल मे सभी कार्य बहुत पारदर्शिता से होते आ रहे हैं और पूर्व जनप्रतिनिधि अपनी दस साल की नकामी छुपाने के लिये आये दिन निराधार आरोप लगाते रहते है जिनका कोई आधार नहीं होता। विधायक ने कहा कि उनके द्वारा दो साल में किये गये विकास कार्यों से वह बोखला गये है और उनके पास अपने कार्यकाल की कोई उपलब्धि गिनाने को कुछ नहीं है।




## डीपीएस ने जीता जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच

रूद्रपुर।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वधान में जिले की अंडर 14 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का शुभारंभ डीपीएस स्कूल रुद्रपुर के क्रिकेट मैदान में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीपीएस स्कूल के चौयरमैन और उत्तराखंड फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सुरजीत सिंह ग्रोवर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। अपने संबोधन मे उन्होंने क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के द्वारा क्रिकेट के विकास पर किए जाने वाले कार्यो के सराहना की और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उद्घाटन मैच डीपीएस एकेडमी रुद्रपुर और मौर्य क्रिकेट अकादमी गदरपुर के मध्य खेला गया ।मौर्य क्रिकेट अकादमी के कप्तान ने टॉस जीतकर के पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया और डीपीएस अकादमी को बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। निर्धारित 35 ओवरो के खेल में पहले खेलते हुए डीपीएस एकेडमी ने 220 रन 7 विकेट खोकर बनाएं। डीपीएस अकादमी की तरफ से नीतीश पचौरी ने 65, हर्षित कुमार ने 35 रितविक सिंह ने 27 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया । मौर्या अकादमी की तरफ से गुरुबख्श में 2 रेहान, प्रथम गाबा ,विभोर गुप्ता ने 1-1 विकेट लिए। मौर्य अकादमी की तरफ से प्रथम गाबा ने 19 आयुष ने 16 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया जबकि डीसी अकादमी की तरफ से नीतीश पचौरी और लविश व वीर, दशमेश बालाजी ने 2-2 , हिमांशु ने 1विकेट लिए । मौर्य अकादमी की पूरी टीम 117 रनो पर ऑल आउट हो गई। यह मैच डीपीएस अकैडमी रूद्रपुर ने मौर्य एकेडमी गदरपुर को 103 रनों से हरा कर मैच जीत लिया। इस मैच के अंपायर उज्जवल गुप्ता और मोहित कुमार स्कोरिंग दीपक साहू द्वारा की गई । इस अवसर पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष अजय तिवारी, विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र चंद्र भट्ट चौयरमैन डायनेस्टी गुरुकुल एकेडमी खटीमा, विवेक सिंह व डीपीएस स्कूल के प्रधानाचार्य चेतन शर्मा ,नूर आलम गौरव तिवारी ,बलवंत सिंह, संदीप सिंह, डीपीएस स्कूल के कोच रितिक सिंह, कादिर खान ,सत्येंद्र मिश्रा, संदीप तिवारी, संतोष पांडे, कुणाल, मो0 नवाज और नमन ग्रेवाल और तमाम खेल प्रेमी उपस्थित रहे।





## ग्राम सूरजपुर में किया पौधारोपण

गदरपुर। ग्राम सूरजपुर ग्रामसभा भैसिया में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया के नेतृत्व में एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर नरेश हुड़िया ने कहा कि जिस प्रकार एक मां अपने बच्चों का पालन पोषण बड़ी सफलतापूर्वक करती है उसी प्रकार हमें भी एक पौधा मां के नाम का संकल्प लेकर लगाते हुए पर्यावरण को स्वच्छ रखने में संकल्प लेना चाहिए । उन्होंने सभी ग्राम वासियों को एक पौधा मां के नाम का लगाने के साथ उसका पालन पोषण करने का भी आह्वान किया । इस मौके पर दर्जनों ग्राम वासी मौजूद रहे ।



## एसडीएम ने रात्रि चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मंशा के अनुरूप सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत विगत दिवस देर शाम उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय शिवनगर वार्ड नं-09 लमरा में रात्रि चौपाल लगाकर जनता की समस्याओं को सुना। उपजिलाधिकारी ने चौपाल में लोक निर्माण विभाग की 3, विद्युत विभाग की 3, पेयजल विभाग की 4, राजस्व विभाग की 2 एवं पूर्ति विभाग की 63 समस्याओं को सुना। जिसमें से अधिकांश समस्याओं का निस्तारण उपजिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही किया गया। शेष समस्याओं के निस्तारण हेतु चौपाल में उपस्थित सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्वरित आवश्यक कार्यवाही कर जनता की समस्याओं का निस्तारण करें। इस अवसर पर नायाब तहसीलदार सुरेश चन्द्र बुदलाकोटि, राजस्व निरीक्षक राधे सिंह राणा, अपर सहायक अभियंता सिंचाई विभाग पंचदेव, सुरेश कुमार, सहायक अभियंता सिंचाई विभाग विजय पाल सिंह, हेमा बिष्ट, लक्ष्मण, भावना सिंह, शोभा, ज्योति आदि लोग मौजूद थे।



## गर्व साहनी ने राज्य बैडमिंटन चैम्पियनशिप में किया नाम रोशन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।योनेक्स सनराईस जूनियर उत्तराखंड राज्य बैडमिंटन चैम्पियनशिप 24 से 28 जुलाई तक देहरादून में आयोजित की गई थी, जिसमें रुद्रपुर के गर्व साहनी ने शानदार प्रदर्शन किया। गर्व साहनी ने तीन श्रेणियों में पदक जीते, जिनमें से दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक शामिल हैं। लड़कों के डबल्स में, गर्व साहनी और उनके साथी अभिनव कंडारी ने स्वर्ण पदक जीता। मिक्स डबल्स में गर्व साहनी और एंजल पुनैरा की जोड़ी ने भी स्वर्ण पदक हासिल किया। पुरुषों के डबल्स में, गर्व साहनी और हिमांशु तिवारी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। गर्व साहनी की इस सफलता ने उनके परिवार और दोस्तों को गर्व महसूस कराया है। उनके परिवार ने उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना की। बैडमिंटन एसोसिएशन के डीएसओ सुरेश पांडे, उत्तराखंड बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष बी.एस. मनकोटी, उधमसिंह नगर बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव विष्णु सक्सेना, और अन्य ने गर्व साहनी और उनके साथी खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि गर्व साहनी की इस उपलब्धि ने उधमसिंह नगर का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी।




## ज्वैलर्स की दुकान में हुई लाखों की चोरी का केस दर्ज

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद रोड वनखंडी फेज एक निवासी प्रांजल रस्तोगी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी घर के ग्राउंड फ्लोर में अल्मोड़ा पहाड़ी सुनार नाम से दुकान है। वह दुकान के ऊपर परिवार सहित रहते हैं। 26 जुलाई को परिवार के सदस्य घर से बाहर गए थे। दुकान में बिजली फिटिंग और सीसीटीवी कैमरे का काम चल रहा था। आरोप है कि उसी दिन दुकान में इलेक्ट्रीशियन मोहित पाल सीसीटीवी कैमरा मैकेनिक ओमवीर, फैजान और सोनू भी काम कर रहे थे। रात करीब 10 बजे उनकी दुकान में काम करने वाला अभिषेक शुक्ला दुकान में ताला लगाकर अपने घर चला गया। 27 जुलाई की सुबह 10 बजे वह दुकान पहुंचे तो चौनल का ताला टूटा था और दुकान से 15 किलो चांदी, आधा किलो सोना और पांच लाख रुपये नकदी गायब थी। दुकान में मौजूद अलमारी का सामान भी बिखरा था। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। इंस्पेक्टर भारत सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब जी के प्रकाश पर्व पर निकाली प्रभात फेरी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सिखों के आठवें गुरु श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य पर आज सुबह पांच बजे प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी गुरुद्वारा श्रीगुरु हरिकृष्ण साहिब जी रामपुर रोड गली नम्बर 6 से शुरू हुई। जो रामपुर रोड गली नंबर 8, 9, विष्णुपुरी, बरेली रोड होते हुए गुरुद्वारा रामपुर रोड गली नंबर 6 पर सम्पन्न हुई। प्रभात फेरी में शबदी जत्थों के रूप में संगत का उत्साह देखते ही बना। संगत ने दुख भंजन तेरा नाम जी और ठाकुर गाइये गाइये आत्म रंग जैसे शबदों का गायन किया। मार्ग में अनेक स्थानों पर संगत ने प्रभातफेरी पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया और प्रभातफेरी में शामिल संगत को प्रसाद वितरित किया। अंत में मुख्य सेवादार अमरीक सिंह ने संगत का धन्यवाद किया। इसी क्रम में दो अगस्त को शाम 7:30 से 10:30 बजे तक गुरमत समागम का आयोजन होंगे एवं 3 अगस्त दिन शनिवार को सुबह 9:30 से दोपहर 2 बजे तक विशेष गुरमत समागम होंगे। जिसमें भाई सिमरन जीत सिंघ जी गुरुद्वारा नाडा साहिब पंचकुला वाले और प्रचारक भाई रेशम सिंघ जी रुद्रपुर से आयेंगे। पंथ के महान कीर्तनिये एवं प्रचारक गुरबाणी विचार और कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे। प्रभातफेरी में रंजीत सिंह, बलजीत सिंघ, गुरचरण सिंघ, जसलीन कौर, जसनीत सिंघ, गुनीत कौर, गुरप्रीत कौर, हरप्रीत कौर, पुष्पिंदर कौर, कवलदीप सिंघ, मंजीत सिंघ, हरविंदर सिंघ, भुप्रीत सिंघ, रवि, प्रिंस, लकी, दलजीत सिंघ, रसनीत सिंघ, इंदरपाल सिंघ, आशु, अमन, जसप्रीत सिंघ, सुरिंदर सिंघ आदि ने सहयोग किया।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# सीएम ममता का सियासी रवैया

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कब, किस मामले में क्या कदम उठा लेंगी, कई बार समझना मुश्किल होता है। नीति आयोग की बैठक में शिरकत करने का उनका सियासी रवैया भी कुछ वैसा ही था। जब विपक्षी धड़े के मुख्यमंत्रियों ने उस बैठक के बहिष्कार का आह्वान किया, तब ममता बनर्जी ने संघीय तकाजे को ऊपर रखते हुए उसमें जाने की घोषणा कर दी। वे उस बैठक में गईं, मगर चलती बैठक से तमतमा कर बाहर निकल आईं। उनका कहना था कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री को बीस मिनट बोलने का समय दिया गया, अन्य मुख्यमंत्रियों को भी दस मिनट से अधिक बोलने दिया गया, मगर उन्हें पांच मिनट बाद ही बोलने से रोक दिया गया। उनका कहना है कि पश्चिम बंगाल के लिए वित्तीय आबंटन की मांग उठाने पर उनका माइक बंद कर दिया गया। इसे लेकर सत्तापक्ष उन पर हमलावर है।वित्तमंत्री ने सफाई दी है कि हर किसी के लिए समय निर्धारित था और उसी के हिसाब से उन्हें बोलने का मौका दिया गया। ममता बनर्जी का यह आरोप सरासर गलत है कि उनका माइक बंद कर दिया गया। जाहिर है, ममता बनर्जी इसे राज्य का अपमान बताते हुए अपने पक्ष में जनमत जुटाने का प्रयास करेंगी, पर खुद विपक्षी धड़ा इसे कितनी गंभीरता से लेगा, यह देखने की बात है। ममता बनर्जी का केंद्र सरकार के साथ टकराव किसी से छिपा नहीं है और न यह पहला मौका था जब वे किसी बैठक या सभा के बीच से उठ कर बाहर निकल आईं। मगर कई लोगों का यह सवाल बना हुआ है कि आखिर नीति आयोग की बैठक में शामिल होने का फैसला उन्होंने किस मकसद से किया। क्या वे इस मौके का इस्तेमाल पश्चिम बंगाल के लिए वित्तीय आबंटन की मांग उठाने के लिए करना चाहती थीं, या सचमुच नीतियों के निर्माण में संघीय उत्तरदायित्व पूरा करने के नेक इरादे से गईं। अगर सचमुच उन्हें संघीय मर्यादा की परवाह थी, तो इस तरह वे बीच बैठक से नाराज होकर निकली क्यों? फिर यह ढिंढोरा क्यों कि वे विपक्ष की तरफ से अकेले बैठक में शामिल हुईं। अगर उन्हें विपक्ष की परवाह होती, तो वे उसकी बहिष्कार की अपील को इस तरह ठुकरातीं नहीं। उनके बैठक में जाने के बाद से ही कयास लगाए जाने लगे थे कि विपक्ष में टूट शुरू हो चुकी है। पहले ही उनके अनिश्चित रुख की वजह से विपक्ष की लड़ाई कमजोर हुई है और गठबंधन को कई बार असहज स्थितियों का सामना करना पड़ा है। जब विपक्षी गठबंधन बना था तब ममता बनर्जी ने बड़े जोशो-खरोश के साथ उसमें भागीदारी की थी, फिर वे कांग्रेस की आलोचना करने लगीं। आम चुनाव से पहले जब सीटों की साझेदारी को लेकर बातचीत चलनी शुरू हुई, तो उन्होंने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। उनके ऐसे अनिश्चित व्यवहार से विपक्षी गठबंधन खुद आश्वस्त नहीं रहता कि वे उसमें शामिल रहेंगी भी या किसी मोड़ पर साथ छोड़ जाएंगी। निश्चित रूप से उनके इस बदलते मिजाज का असर उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं के मनोबल पर भी पड़ता होगा। जब संसद में उनके सांसद बजट पर चर्चा करते हुए पश्चिम बंगाल की अनदेखी पर तीखा तेवर दिखा चुके थे, तो उन्हें नीति आयोग की बैठक में शामिल होने की सदाशयता दिखाने की जरूरत नहीं थी। कोई भी गठबंधन आपसी सहमति और विश्वास पर टिक पाता है। ममता बनर्जी के अस्थिर फैसलों से आखिरकार विपक्षी एकता पर असर पड़ता है।

# गंगाजल से होगा केदारनाथ का जलाभिषेक : माहरा

## कांग्रेस ने की केदारनाथ में सोने की परत मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग

श्रीनगर/ देहरादून( उद संवाद दाता)। कांग्रेस की केदारनाथ प्रतिष्ठा यात्रा पांचवें दिन रविवार को कीर्तिनगर पहुंची। इसके बाद यात्रा ने श्रीनगर में प्रवेश किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने यात्रा का स्वागत किया। सोमवार सुबह यात्रा रुद्रप्रयाग के



लिए रवाना होगी। तीन अगस्त को यात्रा केदारनाथ पहुंचेगी और चार अगस्त को यात्रा का समापन होगा। वहीं, प्रेसवार्ता में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साध ा। कहा कि यह कोई राजनीतिक यात्रा नहीं है, बल्कि सनातन धर्म में विशेष रूप से केदारनाथ धाम में आस्था रखने वालों की यात्रा है। कहा कि सरकार द्वारा दिल्ली में केदारनाथ धाम बनाए जाने का पहले समर्थन किया जाता है, जब कांग्रेस व उत्तराखंड के लोगों द्वारा इसका विरोध किया जाता है तो आनन-फानन में धामी सरकार कानून पास करने का ड्रामा करती है। अभी भी केदारनाथ धाम ट्रस्ट दिल्ली के क्यूआर कोड में पैसे ट्रांसफर हो रहे हैं, सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि गंगाजल से केदारनाथ का जलाभिषेक करने व क्षेत्रपाल रक्षक देवता भैरव को न्याय के लिए अर्जी देकर यात्रा का समापन किया जाएगा। साथ ही यहां पंडा पुरोहित समाज से भी वार्ता की जाएगी। कहा कि उनकी यात्रा में बारी-बारी से कांग्रेस के सभी नेता शामिल हो रहे हैं, पार्टी में किसी तरह की गुटबाजी नहीं है। भाजपा धर्म की राजनीति कर रही है, बावजूद इसके अयोध्या से लेकर बदरीनाथ तक उन्हें हार का सामना करना पड़ा। अब केदारनाथ में भी भाजपा को इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा। उन्होंने बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय पर केदारनाथ मंदिर में लगाए गए सोने की परत में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। साथ ही कृष्णा माई गुफा का नाम मोदी गुफा किए जाने पर भी अफसोस व्यक्त किया। वहीं कांग्रेस ने केदारनाथ में सोना, चांदी गायब होने के मामले की सुप्रीम कोर्ट के सीटिंग जज से जांच कराने की मांग की है। कांग्रेस ने भाजपा पर हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री से भी केदारनाथ की अवमानना पर माफी मांगने की मांग की है। कांग्रेस भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सोने के परत मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के जज से कराने की मांग की। कांग्रेस की केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा में भाग लेने के बाद वापस लौटे ध ीरेंद्र प्रताप ने भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा जैसे-जैसे करन माहरा और कांग्रेस के साथी पवित्र केदारनाथ धाम की तरफ बढ़ रहे हैं, उससे भाजपा में बेचैनी बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि राहुल गांध ी भी केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा के समापन पर आ सकते हैं। उन्होंने कहा इससे कांग्रेस से भाजपा में गए कुछ लोग और भाजपा के नेता कांग्रेस के खिलाफ बयान देने लगे हैं लेकिन कांग्रेस को कोसकर भाजपा का भला नहीं होने वाला है। धीरेंद्र प्रताप ने कहा जब शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने सोने की चोरी के मामले को उठाया तब से भाजपा नेताओं की बेचौनी और बढ़ गई है। उन्होंने भाजपा पर कांग्रेस की यात्रा को लेकर भ्रामक प्रचार प्रसार किये जाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ हिंदू धर्म के पुरोधा मानने वाली भाजपा के शासनकाल में 228 किलो सोना चोरी हो गया, कांग्रेस पार्टी इसका जवाब चाहती है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी इस मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के जज से कराएं तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने भाजपा नेताओं के शंकराचार्य पर टिप्पणी करने और पवित्र चारधाम की अवमानना करने पर मुख्यमंत्री से भी माफी मांगने मांग उठाई है।

# विवाहिता से मारपीट का आरोप

शक्तिफार्म( उद संवाददाता)। हरिद्वार निवासी युवक ने अपने ही बहनोई पर बहन के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। हरिद्वार निवासी रोहित कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि, उन्होंने अपनी बहन की शादी हरिद्वार निवासी, (हाल निवासी शक्तिफार्म) अनुज कुमार के साथ वर्ष 2021 में की थी। आरोप है कि बहनोई अनुज आए दिन बहन के साथ मारपीट करता रहा, लेकिन उसकी बहन ने खुद के परिवार को बनाए रखने के कारण मायके वालों को इसकी कोई जानकारी नहीं दी। 26 जुलाई को उसकी बहन ने उन्हें फोन के माध्यम से पति द्वारा मारपीट किए जाने एवं धमकाने की सूचना दी। सूचना पर जब वह अपने बहनोई के घर पहुंचा तो देखा कि उसकी बहन के साथ जमकर मारपीट की गई, जिस कारण उसकी आंख, हाथ, पैर, पीठ, सर आदि में मारपीट के गहरा निशान बन गया। रोहित ने आरोप लगाया कि अनुज शादी के बाद से ही उसकी बहन के साथ मारपीट करता आ रहा है, यही नहीं अनुज अपने दो वर्ष के बेटे के साथ भी मारपीट करता रहता है। रोहित ने अपने बहनोई के खिलाफ कोतवाली पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की।

# समाज को नई दिशा देते हैं साहित्यकार : मुक्ता मिश्र

गरुड़( उद संवाददाता)। आदर्श ज्ञानार्जन विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में उत्तराखंड की उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी मुक्ता मिश्र ने कहा कि साहित्यकार समाज को नई दिशा देते हैं। इस मौके पर लेखक केदार दत्त मिश्र की पुस्तक लता और वृक्ष का नाता समेत विभिन्न पुस्तकों का विमोचन किया गया। उत्तराखंड पत्रकार एवं साहित्यकार समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उत्तराखंड की उपमुख्य निर्वाचन अधिकारी सुश्री मुक्ता मिश्र ने कहा कि



साहित्य साधना बहुत कठिन है। साहित्यकार अपनी रचनाओं से हमेशा के लिए अमर हो जाता है। उन्होंने कहा कि लेखक मिश्र ने अपनी आत्मकथा 'लता और वृक्ष का नाता' के माध्यम से अपनी जीवन यात्रा, संघर्ष, और उपलब्धियों को शब्दों में पिरोया है। लेखक केदार दत्त मिश्र ने अपनी पुस्तक का परिचय कराते हुए कहा कि पुस्तक पाठकों के लिए केवल एक आत्मकथा नहीं है, बल्कि यह जीवन के विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण जानकारियां देती है और यात्रा के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान करती है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार और प्रख्यात साहित्यकार चंद्रशेखर बड़सीला ने किया। इस दौरान डॉ गजेंद्र बटोही,डॉ हेम चंद्र दुबे, साहित्यकार रतन सिंह किरमोलिया,मोहन जोशी, पूर्व प्रधानाचार्य नंदन सिंह अल्मिया,मोहनानंद मिश्र, सदन मिश्र, अनिल मिश्र, मुकुल मिश्र, डॉ गिरीश अधिकारी, ओमप्रकाश फुलारा, रजनी बाला आदि मौजूद थे।

# विश्वास और कपट

एक अत्यंत निर्धन व्यक्ति एक सेठ के पास गया। कहा- मेरी बेटी की शादी है, पांच सौ रूपये उधार दे दें- जल्दी लौटा दूंगा। साहूकारी का काम करने वाले सदा ही अपने ग्राहक को शक की नजर से देखते हैंक्या यह पैसा चुका भी देगाएउस



सेठ ने भी शंका व्यक्त की।लेकिन गरीब व्यक्ति ने अपने 'रघुनाथ' में विश्वास जताते हुए कहा-सेठ जी, एक-एक पाई चुका दूंगा, बेटी की शादी के बाद, धीरे-ध ीरे, यह मेरा वादा है, मेरे 'रघुनाथ' सब ठीक करेंगे। लेकिन सेठ के मन में कपट छा गयाएसाहूकारी में अक्सर ऐसा ही होता है सेठ ने पांच सौ रूपये दे दिएए गरीब व्यक्ति की बेटी की शादी हो गई चार छः महीने गुजर गए। गरीब व्यक्ति के बच्चों ने मेहनत करके पांच सौ रूपये जुटा लिए और गरीब व्यक्ति सेठ को रूपये लौटाते हुए बोला- सेठ जी, ये लें आपके पांच सौ रूपयेएसेठ खुश हुआ गरीब व्यक्ति जाने लगा तो सेठ ने कहा, रसीद तो लेते जाओ, लेकिन उस गरीब को अपने 'रघुनाथ' में विश्वास थाइसलिए कहा, नहीं सेठ जी, आपको दे दिए आपने ले लिए, रसीद किस बात कीमुझे आप पर विश्वास है सेठ ने रसीद अपने बही खाते में रख लीए. मन में खोट जो था.. कुछ साल के बाद सेठ उस गरीब व्यक्ति के पास पहुंचा भई, तुमने जो पांच सौ रूपये लिए थे अभी तक लौटाए नहीं सुन कर गरीब व्यक्ति व्यथित हुआ कहा, मैंने तो आपको पांच महीने पहले ही लौटा दिए थे और आपने रसीद ले जाने के लिए भी कहा था लेकिन मैंने रसीद लेने से इन्कार कर दिया था। विश्वास और कपट के बीच 'द्वन्द एक ओर ' रघुनाथ' पर विश्वास, दूसरी ओर कारोबारी कपटताए यही कुछ होता है इस संसार में मुकदमा चला सेठ ने कहा, इसने पांच सौ रूपये नहीं लौटाए.. गरीब व्यक्ति कहता रहा- मैंने लौटा दिए हैं। जज ने कहा- तुम्हारा कोई गवाह है ? गरीब व्यक्ति बोला, हां है, 'रघुनाथ' जी मेरे गवाह हैं, उन्हीं के मंदिर में मैंने बेटी की शादी की थी गवाह के नाम सम्मन भेजे गए लेकिन गांव में तो कोई 'रघुनाथ' नाम का व्यक्ति रहता ही नहीं था सेठ पैसे दिलवाने की जिद करता रहागरीब व्यक्ति लौटा देने की बात करता रहा गवाह की बात आती तो, तो 'रघुनाथ' को गवाह के रूप में पेश करता और 'रघुनाथ' नामक कोई व्यक्ति गांव में रहता नहीं था जज परेशान हो गया। सच क्या है, झूठ क्या है क्या निर्णय देएजब भक्त को विपत्ति में देखा तो ' रघुनाथ ' जी को आना ही पड़ाए यह विश्वास का प्रतिफल था जज फैसला सुनाने लगा, तो अचानक दरवाजे से ' रघुनाथ ' की आवाज आई- मैं हाजिर हूं जनाबए सिर पर पटका बांध `, लम्बा- सा कुर्ता पहने और कंधे पर साफा डाले एक व्यक्ति अदालत में पेश हुआए बिल्कुल ग्रामीण लग रहा था सभी हैरान हो गए देखकर जज के पूछने पर ' रघुनाथ ' ने कहा, हाँ जनाब , इस गरीब व्यक्ति ने मेरे सामने पैसे लौटाए थे सेठ को कहाए अपनी बही का नौ नम्बर का पृष्ठ निकालोएइसने रसीद नहीं दी थीए इसी पन्ने में छिपा कर रख ली थी जज के कहने पर सेठ ने बही निकालीए और जब सेठ ने बही का पन्ना नम्बर नौ निकाला तो उसमें पांच सौ रूपये की रसीद पड़ी मिली और रसीद जज के समक्ष रख दी स सेठ लज्जित हुआ। क्षमा याचना की जब जज ने सारी स्थिति का मनन किया, अतुशीलन किया तो जज फिर जज नहीं रह सका उसे विरक्ति हो गई वह सोचने लगाभगवान को अपने भक्त के लिए एक ग्रामीण के भेस में मेरी अदालत में पेश होना पड़ामेरे सामने एक गवाह के रूप में पेश होना पड़ा भगवान खड़े रहे और मैं बड़े आराम से कुर्सी पर बैठा हुआ हुक्म देता रहा लानत है मुझ पर इस घटना के बाद जज नौकरी कर नहीं पाया सदा प्रेमवश आँसू बहाता रहता, जगह-जगह घूमता रहता और भगवान की याद में सदा रोता रहता है भगवान भक्त की लाज जरुर रखते हैं जहाँ प्रेम है, विश्वास है वहां दौड़े आते हैंए कोई प्रेम से पुकारे तो सही कोई धन्ना बने तो सहीए।

प्रस्तुति-नरेश कुमार सेठ,रूद्रपुर

# राजेन्द्र की मौत के मामले में हत्या की आशंका

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।शक्तिफार्म के तिलियापुर निवासी मृतक के पुत्र ने हत्या का आशंका जताते हुये,अज्ञात के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। जानकारी के अनुसार शक्तिफार्म के तिलियापुर निवासी राजेंद्र का 20 जुलाई शाम करीब 5 बजे बैगुल डाम के बंदे के किनारे शव मिला। मृतक के शरीर पर चोट के निशान भी थे। मृतक के पुत्र राजकुमार ने बरा चौकी मे तेहरीर दिया ,तहरीर मे बताया कि मेरे पिताजी स्व० राजेन्द्र पुत्र स्व० शिवपूजन शक्तिफार्म क्षेत्र में करीब 10-12 सालों से काम करते चले आ रहे थे कभी 10 दिन में तो कभी 7 दिन में घर आते जाते थे। 20 जुलाई की शाम समय लगभग 5 बजे बैगुलडॉम बन्दे के किनारे पिताजी का मृत शव मिला। तब हमारे ही गांव के एक व्यक्ति ने 112 पर कॉल करके उस जगह के बारे में जानकारी ली तो पता चला वह जगह बरा क्षेत्र में आता है। तब बरा चौकी क्षेत्र की पुलिस मौके पर आयी। पिताजी के शव का मेडिकल परीक्षण जिला अस्पताल रूद्रपुर में करवाया। पिताजी की बॉडी में कई जगह चोटों के निशान थे सीने में तथा पूरे शरीर की चमड़ी उधड़ी हुई थी जैसे कि उन्हें किसी ने बहुत मारा पीटा हो।

# ओलंपिक खेलों में भारत की उड़ान

खेल मानसिक,शारीरिक और समाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है विश्व की सबसे खेल प्रतियोगिता 26 जुलाई से पेरिस में शुरू हो गई जिसमें 206 देशों के 10500 खिलाड़ी 16 दिन



चलने वाली इन प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे भारत को17खिलाडी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए तैयार है भारत में खेलों की उड़ान और महत्वाकांक्षी योजनाओं पर जमीनी स्तर पर उभरती प्रतिभाओं को सुविधाओं और मंच उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार ने खेलों-इंडिया कार्यक्रम पर 900करोड़ रूपये की भारी-भरकम राशि खर्च की जायेगी आम बजट में खेलों व युवा मामलों के कुल तीन हजार चार सौ 42.32 करोड़ की धनराशि राशि निर्धारित की गयी है इसमे नये व दिग्गज खिलाड़ी अपनी खेल- प्रतिभा की चमक बिखेरेंगे व अपने देश की शान बढ़ायेंगे 2021मे भाला फेंक में नीरज चोपड़ा व उससे पहले तीरंदाजी मे अभिनव बिंद्रा ने व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीते व अन्य खिलाड़ियों ने भी पदक जीते व बहुत मान व सम्मान प्राप्त किया तभी से सरकार व कार्पोरेट जगत ने इस बारे में सोचना शुरु कर नौकरी व भारी-भरकम इनाम देने की घोषणाएं की। गांव, शिक्षा संस्थानों, सेना व फौज में प्रतिभाओं की खोजकर उन्हें निखारने के लिए बजट प्रदान किया जिससे भारत खेलों में आगे बढ़ सके।2036 मे भारत सरकार ने ओलंपिक की मेजबानी के लक्ष्य को भी साधा है। 1988मे पहली बार तीरंदाजी को शामिल किया गया जिसमें भारतीय खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया पिछ्ले टोक्यो ओलंपिक में भारत ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 7 पदक जीते। इस बार दोहरे अंक त पहुचने का लक्ष्य रखा है हाकी में भारत ने अबतक 8स्वर्ण व कुल 20मेडल प्राप्त किए है जो सुखद व प्रेरणादायक लगाता है भारत ने आधुनिक ओलंपिक में अब तक कुल 35पदक जीते हैं। खेल हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं खेलों में हार- जीत खेल का हिस्सा है हारने वाली टीम को निराश होने के बजाय पुनः कमियों को सुधार कर और अधिक प्रयास कर फिर से अगली प्रति स्पर्धाओ में सफलता पायी जा सकती हैं खेलों से हमारे अन्दर सहयोग, आत्मविश्वास, अनुशासन, साहस ,एकता,व मानवीय गुणों का विकास होता है हमें नियमित रूप से कोई न कोई खेल आवश्यक खेलना चाहिए जिससे हमारा समग्र विकास हो सके तथा हम खेलों में देश का नाम विदेशो में भी रोशन कर सके।

**-नरेश छाबड़ा,रूद्रपुर**

# चोरी की योजना बनाते चार गिरफ्तार

शक्तिफार्म( उद संवाददाता)।शक्तिफार्म चौकी पुलिस ने चोरी की योजना बनाते, चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। उप निरीक्षक जगदीश चंद्र तिवारी, कांस्टेबल भारत भूषण, हरीश कबड़वाल एवं भुवन आर्य अपने निजी वाहन से, गस्त पर थे कि तभी उन्हें सूचना मिली कि, ग्राम रुद्पुर प्राथमिक विद्यालय के पास, कमरे के अंदर कुछ लोग चोरी की योजना बना रहे हैं। जिस पर पुलिस ने घेराबंदी कर कर चार अभियुक्त को दबोच लिया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना नाम सुरेंद्रनगर निवासी रमेश सरकार, पंढरी निवासी अनीस अहमद, मलपुरा निवासी रणजीत सिंह एवं टैगोर नगर निवासी अभिजीत सरकार बताया। पुलिस द्वारा तलाशी लिए जाने पर पकड़े गए अभियुक्त के पास से चाकू, कटर, चाबी का गुच्छा, टॉर्च आदि बरामद हुए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों को जेल भेजा।

# जंगली सुअरों के हमले से शिक्षक की मौत

बेरीनाग(उद संवाददाता)।बेरीनाग तहसीलके विभिन्न गांवों में जंगली सूअरों का आतंक बना हुआ है।वही चौकोड़ी में जंगली सूअर के हमले में एक निजी स्कूल के शिक्षक की मौत हो गई। रविवार शाम मवेशियों को जंगल से घर लाते समय यह हादसा हुआ। मृतक मूलरूप से मुनस्यारी के डुंगरी गांव का रहने वाला है। तीन साल पूर्व से ही यहां परिवार संग रह रहे थे। बेरीनाग तहसील मुख्यालय से करीब आठ किमी दूर पर्यटन स्थल चौकोड़ी में रघुवीर सिंह (42)पुत्र नारायण सिंह अपनी पत्नी और आठ वर्ष के बेटे के साथ रहते थे। वह एक निजी स्कूल में बतौर शिक्षक कार्यरत थे। रविवार को वह अपने मवेशियों को चुगाने वह घर से कुछ दूरी पर स्थित जंगल लेकर गए थे।तभी शाम को मवेशियों को घर वापस लाते समय एकाएक जंगली सूअर ने उन पर हमला



कर दिया।जिससे वेजंगली सुअरों से बचने के प्रयास में वे गंभीर रूप से घायल हो गए।वही चीखपुकार सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुँचे जहाँ जंगली सुअर उन्हें गम्भीर रूप से घायल करने के बाद जंगल की ओर भाग गया।जिसके बाद परिजन लहूलुहान हालात में घायल रघुवीर को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहाँ इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। रघुवीर की एकाएक मौत से परिजन सदमे में हैं। पत्नी गीता और बेटे का रो-रो कर बुरा हाल है। इधर वन क्षेत्राधिकारी चंदा मेहरा का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की असल वजह सामने आएगीघ।वही ग्रामीणों ने जल्द मृतक के परिजनों को मुवावजा और जंगली सुअरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

# वेतन के लिए तरस रहे वनसंविदा कर्मी

बागेश्वर(उद संवाददाता)। वन विभाग में लम्बे समय से संविदा पद पर कार्य कर रहे13 कर्मियों को दो साल से वेतन नही मिला है, जिस कारण संविदा कर्मी अब जीवन यापन के लिए कैसे चलाए घर परिवार, काम किया है कब मिलेगा हमको वेतन को लेकर विभागीय अधिकारियों पर नाराजगी जता रहे हैं।वन विभाग में संविदा पद पर 17 साल पूर्व से कार्य करने के बाद पूर्व में ही मिल रहे न्यूनतम वेतनमान पर कार्य करने, महंगाई बढ़ने के बाद भी संविदा कर्मियों का वेतन नही बढ़ाए जाने, कई बार अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक वेतन और मानदेय में वृद्धि की मांग के बाद भी वेतन नही बढ़ाए जाने, और अधिकारियों द्वारा तदर्थ कर्मियों की तरह समानांतर कार्य करने के बाद भी वेतन नही बढ़ने और ना ही दो साल से वेतन का भुकतान होने से संविदा कर्मी उपेक्षित है।कर्मियों ने बड़ी महंगाई, तदर्थ कर्मियों सहित सबकी बड़ाई तनख्वाह बढ़ने, पर बढ़ती महंगाई के बाद भी कर्मियों की कोई सुध नही लिए जाने और वेतन देने के बजाय दो साल से उन्हें वेतन नही मिलने पर सरकार और अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताई।संविदा कर्मियों ने17 साल से विभाग में आउटसोर्स से संविदा कर्मी के तौर पर कार्य करने के बाद भी उन्हें अपना हक मांगने के नाम पर उनका उत्पीड़न किए जाने की बात कहते हुए प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया।वही अब अधिकारियों से वेतन की मांग करने पर वेतन के बजाय उन्हें विरोध करने पर हटाने की चेतावनी देने के आरोप लगाते हुए कर्मियों ने अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आरपार की लड़ाई लड़ने, जल्द दो साल का अवशेष वेतन नही मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।कर्मियों ने मुख्यमंत्री से आज की महंगाई के दौर में भुखमरी का दंश झेल रहे वन संविदा कर्मियों की सुध लेने और कर्मियों को उपलन कर्मियों की भांति वेतन दिए जाने और 17 सालों से विभाग में कार्यरत कर्मियों को सरकारी नौकरी देने की अपील की है।इस दौरान मांग करने वालों में महेश सिंह, निशा पांडे,बलवंत,वीरेंद्र परिहार, दिनेश पांडे,गोपाल सिंह नयाल,हरीश प्रसाद आदि मौजूद थे।

# नलकूप फुंकने से नगर में पेयजल आपूर्ति ठप

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। दो दिन पूर्व वार्ड नबर एक के नलकूप की मोटर फुंकने से वार्ड एक सहित



छोटी हल्द्वानी इलाके में पेयजल संकट बना है। वार्ड नबर एक की पेयजल आपूर्ति ठप है। लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। वार्ड एक के समाजसेवी अर्नब कंबोज, राहुल, कमल अधिकारी द्वारा चलाए जा रहे पानी के टैंकर से नगर वासियों की प्यास बुझा रहे हैं। जिससे समाजसेवी द्वारा अपने खर्च पर टैंकर लगाकर वार्ड सहित छोटी हल्द्वानी की प्यास बुझा रहे हैं। वार्ड नंबर एक नलकूप से वार्ड एक सहित आसपास के गांव छोटी हल्द्वानी में भी पानी की आपूर्ति की जाती है। दो दिन पूर्व नलकूप मोटर फुंक जाने से पेयजल आपूर्ति ठप है। जिससे लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे है। वार्ड एक के समाजसेवी द्वारा अपने निजी टैंकर लगाकर पानी की आपूर्ति कराई जा रही है। पेयजल संकट को देखते हुए समाजसेवी राहुल, अर्नब कंबोज कमल ने निशुल्क टैंकर से पानी की आपूर्ति शुरू कर दी है। इधर वार्डवासियों ने जलसंस्थान के अधिकारियों से जल्द नलकूप ठीक करा कर नलकूप के ठीक होने तक टैंकरों से पर्याप्त पेयजल आपूर्ति करने की मांग की है। विभाग के अधिकारियों ने एक दिन के भीतर वार्ड एक की पेयजल आपूर्ति सुचारु करने का आश्वासन दिया।

# अस्पताल में कचरे से भरी थैलियो से निकल रहे कीड़े

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर का सरकारी अस्पताल जब से सरकार ने पीपीपी मोड पर दिया है तब से ही जहां एक ओर पटरी से उतरी स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर हमेशा चर्चाओं में रहा है तो वहीं अस्पताल व अस्पताल परिसर में स्थित मोर्चरी को जाने वाले रास्ते पर लगे कूडे के ढेरों से एक और दुर्गंध फैल रही है तो वहीं इस मार्ग पर कुछ बंद कूड़े की थैलियो से बाहर निकल रहे कीड़े यहां आने वाले मरीजों एवं उनके तीमारदारों में संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बना है । पीपीपी मोड के संचालक इस गंभीर समस्या को लेकर आंखें मूंदे बैठे हैं। सोमवार को इस संबंध कुछ लोगों द्वारा तहसीलदार कुलदीप पांडे से शिकायत की गई इसके बाद तहसीलदार ने चिकित्सालय की सीएमएस को निर्देश देते हुए कार्रवाई करने की बात कही। तहसीलदार के आदेश के बाद चिकित्सालय की सीएमएस डॉक्टर चंद्रा पंत ने पीपीपी मोड संचालक स्टाफ के साथ इस इलाके का निरीक्षण किया तो



उनके भी गंदगी को देखकर होश उड़ गए जहां एक और मोर्चरी वाले रास्ते पर गंदगी एक बड़ी समस्या बनी है तो वहीं यहां पर लाइट व्यवस्था न होने के कारण भी रात्रि में काफी परेशानियों का सामना उठाना पड़ता है। मामलों को गंभीरता से लेते हुए सीएमएस डॉक्टर पंत ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था में काफी अनियमिताएं मिली है उन्होंने कहा कि संबंध में संबंधित लोगों को तत्काल सफाई करने के निर्देश दिए गए हैं साथ उन्होंने यह भी कहा कि यदि आदेश का पालन नहीं हुआ तो नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।

# हर्षोल्लास से मनाया शिक्षा सप्ताह

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नई शिक्षा नीति 2000 के चतुर्थ वर्षगांठ के उपलक्ष्य में समग्र शिक्षा अभियान उत्तराखंड द्वारा आयोजित 22 जुलाई से 28 जुलाई तक



शिक्षा सप्ताह को राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय ट्रांजिट कैंप में हर्षोल्लास से मनाया गया। विभागीय निर्देशानुसार विभिन्न दिवसों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। प्रथम दिन टी.एल.एम. डे, द्वितीय दिवस एफ एल एन डे, तृतीय दिवस स्पोर्ट्स डे,चतुर्थ दिवस कल्चरल गतिविधियां, पंचम दिवस डिजिटल कौशल विकास, छठे दिन पर्यावरणीय गतिविधियां- एक पौधा मां के नाम आयोजित की गई। सामाजिक सहभागिता आयोजित कर तिथि भोज का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापिका गायत्री पांडे के दिशा निर्देशन में प्रतिदिन बच्चों ने अंतिम तीन वादनों में विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। छात्र- छात्राओं ने विभिन्न मनोरंजनात्मक, ज्ञानात्मक, शारीरिक, मानसिक,शैक्षिक व पर्यावरण जागरूकता संबंधी सभी गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। श्रीमति गायत्री पांडे ने बच्चों को पर्यावरण मित्र बनाने के साथ ही उनमें पर्यावरण संरक्षण की प्रवृत्ति विकसित करने का सार्थक प्रयास किया। गतिविधियों के आयोजन में सभी शिक्षकों एवम अभिभावकों ने सहयोग किया।

# कार की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। कार की टक्कर से स्कूटी सवार घायल हो गया है। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पर उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। स्कूटी सवार के भाई ने आरोपी कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। रेलवे बाजार हल्द्वानी निवासी मनीष कुमार गोयल पुत्र सुरेश चंद्र गोयल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि बीती 25 जुलाई को उनका भाई संजेश गोयल रामपुर रोड स्थित धर्मकाटे की ओर जा रहे थे, तभी रूद्रपुर से हल्द्वानी की ओर से आ रही कार ने उनकी स्कूटी मेंटक्कर मार दी जिससे उनका भाई घायल हो गए और स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई। भाई को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल के भाई ने आरोपी कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# आर्य समाज मंदिर नत्थनपुर के तीसरी बार प्रधान बने रमेश भारती

देहरादून(उद संवाददाता)। आर्य समाज मंदिर अपर नत्थनपुर नेहरूग्राम के वार्षिक चुनाव 2024-25 के लिए सर्वसहमति से एक बार पुन: रमेश चंद्र भारती को मंदिर का प्रधान बनाया गया। आर्य समाज मंदिर के पुन: प्रधान बनने पर रमेश चंद्र भारती ने सभी पदाधिकारियों व ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए अपने दायित्वों को कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाने का वचन दिया। वहीं वरिष्ठ उपप्रधान पद पर धनीराम चौथानी, उपप्रधान पदीराम आर्य व एडवकेट एसएस राना को चुना गया। मंत्री पद पर संदीप आर्य तो उपमंत्री दिनेश पुरी वहीं कोषाध्यक्ष प्रेमलाल कोहली को बनाया गया। पुस्तकाध्यक्ष धनीराम चौथानी, उपपुस्तकाध्यक्ष दीप चन्द्र आर्य को बनाया गया। जिला सभा सदस्य रमेश चन्द्र भारती व संदीप आर्य, निरीक्षक राजाराम शास्त्री को सर्वसहमति से चुना गया। वहीं स्त्री आर्य समाज के लिए प्रेमवती आर्य, रूकमणी देवी, पुष्पा देवी व जमुना देवी को प्रधाना, नन्दी देवी को मंत्राणी बनाया गया। आर्य कुमार सदस्य दिलबर कुमार व दिनेश आर्य को बनाया गया। प्रधान सहित चुने गये सभी पदाधिकारियों ने मंदिर प्रांगण में अपने-अपने दायित्वों को कर्तव्य निष्ठ होकर निभाने के लिए शपथ ली। यह सभी निर्णय आर्य समाज मंदिर के संरक्षक पंडित उम्मेद सिंह विशारद की देखरेख में संपन्न हुए।

# दर्जा राज्य मंत्री ने किया वृक्षारोपण

गरुड(उद संवाददाता)। राज्य दर्जा मंत्री शिव सिंह विष्ट ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वाहन पर एक पेड़ मा के नाम पर ग्रामीणों व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर वृहद रूप से बाज, फलियाट,तिमुल, तेज पत्ता,आम, रिंगाल आदि के पौध लगाये।उड़खुली में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ हरियाली है तो प्रकृति अनमोल है, पेड़ है तो पर्यावरण



सुरक्षित, की थीम पर प्रत्येक व्यक्ति को अपने और अपनों के नाम पर प्रतिवर्ष एक पेड़ लगाकर उसका संरक्षण करने की अपील की।आज के बदलते परिवेश में वन एक अनमोल धरा, लगाओ हरियाली वाले फलदार, चारा पत्ती के पेड़ मिलेगी ऑक्सीजन भरपूर, सभी विषाक्त गैसों से मिलेगी मुक्ति, आओ संकल्प लें लगाए अपने और अपनों के नाम पर एक पेड़ के संकल्प के आधार पर दर्जा राज्य मंत्री ने सभी लोगों से पर्यावरण संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की। इस दौरान सैकड़ों चारा और फलदार पौधों का रोपण किया गया।

## पेज एक का शेष...

**कोचिंग सेंटर में हुए...**हो गई है। गिरफ्तार किए गए लोगों में बेसमेंट के मालिक और एक व्यक्ति शामिल है जिसने एक वाहन चलाया, जिससे इमारत के गेट को नुकसान पहुंचा। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने कहा इस घटना में जो भी दोषी होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। तीन यूपीएससी उम्मीदवारों की मौत पर बोलते हुए डीसीपी सेंट्रल एम हर्षवर्धन ने कहा कि बेसमेंट में व्यावसायिक गतिविधि करने की कोई अनुमति नहीं थी। हमने एमसीडी से कुछ जानकारी मांगी है, और उनकी भूमिका की भी जांच करेंगे। उन्होंने कहा कि हम प्रदर्शनकारी छात्रों से शांति बनाए रखने और मुख्य सड़कों को अवरुद्ध न करने की अपील करते हैं, और विश्वास है कि इस मामले में सख्त कार्रवाई की जा रही है।

**हादसे में बाइक सवार...**कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया जाता है कि काशीपुर के एक निजी चिकित्सालय में विनोद मेहरा की मौत हो गई जबकि घायल कौशिक बनोला का उपचार चल रहा है। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है । पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**विभिन्न मांगों को ...**नाम से कोष बनाया गया। परंतु दोनों समाज के बच्चों को इस कोष का लाभ नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गदरपुर क्षेत्र की सड़कों का बुरा हाल हो चुका है। आये दिन यहां दुर्घटनाओं में कई लोगों की जानें जा रही है। ग्राम झगड़पुरी, आबादनगर, अर्जुनपुर, रायपुर, राजराज आदि ग्रामों की सड़कों का शीघ्र निर्माण कराया जाये। गदरपुर के निवासी एडवोकेट प्रशांत सिंह के परिजनों को सुरक्षा मुहैया कराई जाये। साथ ही बंग्लावासी हिन्दू अनुसूचित उपजाति, नमो, शूद्र, मांझी, पौंड व अनुसूचित जनजाति, अनुसूचिज जाति के बच्चों को छात्रवृत्ति दी जाये। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकारजनहित के मामलों की अनदेखी कर रही है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस दौरान ममता हाल्दार, परिमल राय, श्याम सिंह, नारायण हाल्दार, जय सिंह, त्रिनाथ विश्वास, अनिल शर्मा, सोमल सिंह, लाखन सिंह, कैलाश सिंह, विरेन्द्र मंडल, अनिल सिंह, पवन, सुशान्त सरकार, हरिपद गोलदार, कृष्णपद मंडल, तपन सिकदार, अमर मल्लिक, ब्रजमोहन, रंजीत विश्वास, काशीनाथ गुप्ता आदि मौजूद थे।

**तहसीलदार के ...** चिंताजनक है। ठुकराल ने कहा कि कमीशन खोरी का खेल बड़े स्तर पर चल रहा है। ठुकराल ने सरकारी चेक वितरण में तहसील प्रशासन पर भी लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने तहसीलदार से अपनी देख रेख में चेकों का वितरण करने की मांग की। तहसीलदार ने चेक वितरण में त्रुटि स्वीकार करने के साथ ही भविष्य में पारदर्शिता के साथ नियमानुसार चेकों का वितरण करने का आश्वासन दिया। तहसीलदार ने कहा कि भविष्य में सभी चेक तहसील में बांटे जायेंगे। जिस पर विधायक ने धरना समाप्त कर दिया।

**ज्वैलरी शॉप में हुई ....**रावत, उनि नेहा ध्यानी, अउनि नम्रता रावत, हे कानि राजीव शाही, हे कानि चन्द्रशेखर जोशी, कानि. विपेन्द्र सिह, भूपेन्द्र जीना, कमल जोशी, जगमोहन गौड, पंकज सजवाण, ललित तिवारी, राकेश खेतवाल, पंकज बिनवाल एस.ओ.जी. व चालक धीरेन्द्र कुमार शामिल थे। खुलासे के दौरान एएसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके एवं सीओ निहारिका तोमर भी मौजूद रही।

**विद्युत कटौती के ...**उसे विद्युत लाइन को वहां से हटाया जाए। ज्ञापन देने वालों में पूर्व पार्षद सुशील चौहान, पिंटू पाल, सुनील कुमार ,सुमित कुमार, सेवाराम ,अनिल रावत ,सुनील चुघ, रोहित कालड़ा ,चंद्रप्रकाश गांधी ,गोविंद ग्रोवर, रवि कालड़ा, राजेश कुमार, तरुण गहलोत, मनोज शाह ,विजय वर्मा ,विपिन भट्ट ,सुरेंद्र चौधरी ,अनिल वर्मा, गुलाब ठाकुर, सुरेश अरोड़ा ,नरेश नौटियाल ,उदय यादव ,रोहित तिवारी, शैलेंद्र चौधरी आदि मौजूद थे।

**कलेक्ट्रेट में ...**अवश्य करें। इस अवसर पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण अभिषेक रोहेला, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, ओसी गौरव पाण्डे, डॉ0 अमृता शर्मा, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमा शंकर नेगी सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'मानसून सत्र' में होगी सवालों की 'मूसलाधार बारिश'

## विधानसभा सचिवालय पहुंचे विधायकों के 423 से अधिक प्रश्न, विपक्ष की मंशा गैरसैंण में आयोजित हो मानसून सत्र, विधानसभा अध्यक्ष को सरकार की हरी झंडी का इंतजार

-अर्श-

देहरादून। सूबे की विधानसभा का मानसून सत्र चाहे देहरादून में आयोजित किया जाए या फिर गैरसैंण स्थित भराड़ीसैंण में ,पर इतना तो तय है कि प्रस्तावित मानसून सत्र में इस दफा सवालों की मूसलाधार बरसात होगी। वह इसलिए ,क्योंकि उत्तराखंड विधानसभा के विभिन्न सदस्यों की जानिब से विधानसभा सचिवालय की समक्ष 423 से अधिक प्रश्न पहुंच चुके हैं। हालांकि विधानसभा का मानसून सत्र आयोजित करने को लेकर धामी सरकार अभी उहापोह की स्थिति में है, फिर भी अधिक संभावना यह है की अगर बारिश ने कोई विशेष तांडव ना मचाया तो सरकार विधानसभा का मानसून सत्र गैरसैंण में आयोजित कर विपक्ष द्वारा गैरसैंण की उपेक्षा के आप के आधार पर सरकार को घेरने






के मंसूबों पर पानी फेरना चाहेगी ,क्योंकि विपक्ष बजट सत्र से ही भाजपा सरकार पर बनावटी गैरसैंण प्रेम एवं गैरसैंण की उपेक्षा का आरोप लगता चला आ रहा है। उधर मानसून सत्र आयोजित किए जाने की तैयारी के बीच नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस चाहती है कि विधानसभा का मानसून सत्र गैरसैंण में ही आयोजित किया जाए इस कारण भी गैरसैंण के पक्ष में फैसला आने की उम्मीद ज्यादा है। यद्यपि मंत्रिमंडल की बैठक में मानसून सत्र आयोजन पर फैसला लेने के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किए जाने के बावजूद अभी तक इस पर कोई निर्णय नहीं किया जा सका है, तथापि विधानसभा सचिवालय ने आगामी विधानसभा सत्र की तैयारी तेज कर दी है। इस क्रम में नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ ग्रहण कराने के बाद मीडिया से बातचीत में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कहा कि सरकार जहां भी चाहेगी, उस हिसाब से विस सत्र कराया जाएगा। बातचीत में विस अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने यह भी बताया कि केंद्र सरकार ने ई-विधानसभा के लिए बजट जारी किया था, जिसमें राज्य सरकार ने भी सहयोग किया है। इसके पहले चरण में देहरादून स्थित विधानभवन को ई-विधानसभा के हिसाब से तैयार किया जा रहा है।उन्होंने आगे बताया कि यह काम 31 जुलाई तक पूरा हो जाएगा ,फिर भी सारा कुछ डिजिटाइज नहीं हो पाएगा , क्योंकि विधायकों की भी ट्रेनिंग होनी अभी बाकी है। उनके अनुसार विधानसभा परिसर के भीतर नई बिल्डिंग भी तैयार हो रही है ,जिससे जल्द ही विधायकों को और अधिक सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि मानसून की विदाई के बाद गैरसैंण में भी ई-विधानसभा का काम कराया जाएगा। सत्र की तैयारी के सवाल पर विस अध्यक्ष ने कहा कि उनकी टीम पूरी तैयारी में जुटी है । बस सरकार की हरी झंडी का इंतजार है ,सरकार जब भी तिथि व स्थान तय करेगी, उस हिसाब से ही मानसून सत्र आयोजित कराया जाएगा।

# पत्नी पर तलाक के लिए दबाव बनाने का आरोप

रूद्रपुर। रुद्रपुर में प्रेम विवाह रचाने के बाद परिजनों के बुलावे पर घर गई पत्नी नहीं लौटी। पति ने एसएसपी को पत्र देकर गुहार लगाई है। उसने ससुरालियों पर पत्नी पर तलाक के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। शहर के सिंह कॉलोनी निवासी अंकुर ने एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी को दिए पत्र में बताया है कि उसने रामपुर जिले के स्वार क्षेत्र की युवती से 25 अक्तूबर 2023 को प्रेम विवाह किया था। बताया कि तीन जुलाई को पत्नी की मां व भाइयों का फोन आया कि उनका एक्सीडेंट हो गया था। हालचाल लेने आ जाएं। इस पर पत्नी उनसे मिलने के लिए मायके चली गई। कहा कि सप्ताह भर तक तो पत्नी से फोन पर बात हुई। उसके बाद से बात नहीं कर रही है। आरोप लगाया कि पत्नी से मिलने की कोशिश करने पर उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। पत्नी को डरा-धमकाकर उस पर तलाक के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इससे वह मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान है। 21 जुलाई को बिलासपुर क्षेत्र से एक व्यक्ति उनके घर आया और उसकी गैर मौजूदगी में परिजनों के साथ हाथापाई कर जान से मारने की धमकी दी। इससे परिवार काफी भयभीत है और उनकी जान का खतरा बना हुआ है।

# रामनगर में जहर खाने से नौवीं की छात्रा की मौत

हल्द्वानी। रामनगर के चिल्किया गांव में रहने वाली नौवीं कक्षा की छात्रा ने जहर खा लिया। उसे उपचार के लिए एसटीएच लाया जा रहा था, लेकिन उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार टांडा मल्लू चिल्किया निवासी मो. हासिम की 14 वर्षीय पुत्री कक्षा नौवीं की छात्रा थी। शनिवार की दोपहर में उसने जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर स्वजन पहले रामनगर चिकित्सालय व उसके बाद एसटीएच ला रहे थे। यहां पहुंचते ही डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार को पुलिस ने छात्रा का हल्द्वानी में पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव स्वजन के सुपुर्द कर दिया गया था।

# श्रावण माह के दूसरे सोमवार को भी शिवालयों में हुआ जलाभिषेक

रुद्रपुर/ हल्द्वानी(उद संवाददाता)। श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर आज भी नगर एवं निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में प्रात: से ही हजारों की संख्या में शिव भक्त शिवलिंग पर जलाभिषेक करने को उमड़ पड़े। उन्होंने विधिविधान से भगवान शंकर की पूजा





अर्चना कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। सभी शिवालय भोले शंकर के जयघोषों से गुंजायमान होते रहे। शिव भक्तों ने शिवलिंग पर बेलपत्र, दूध, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती आदि पूजा सामग्री अर्पित करने के साथ जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री मनकामेश्वर मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, मां अटरिया देवी मंदिर, श्री बृहस्पति देव मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री चामुण्डा मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, श्री शिव मंदिर सहित आवास विकास, इन्द्रा कालोनी, सिंह कालोनी, रम्पुरा, भूतबंगला, पहाडगंज, भदईपुरा, आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी, मॉडल कालोनी, दरिया नगर, घास मंडी, ईश्वर कालोनी, आदर्श कालोनी, ट्रांजिट कैम्प, सिडकुल चौकी परिसर, कोतवाली परिसर, सिडकुल चौक, संजय नगर, अटरिया रोड़, काशीपुर बाईपास रोड़, जगतपुरा, दूधिया नगर, खेड़ा, शक्ति विहार, पीएसी परिसर, गंगापुर रोड़, निकटवर्ती ग्राम डिबडिबा, दानपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, छतरपुर, मटकोटा, रामनगर, भूरारानी, फुलसुंगा, फुलसुंगी, प्रीत विहार, फाजलपुर महरोला आदि क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। मंदिरों में प्रात: से ही श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। मंदिरों के बाहर पूजा सामग्री बेचने वालों के कई स्टॉल सजे हुए थे।श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर आज नगर एवं निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में शिव भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। शिव भक्तों ने शिवलिंग पर बेलपत्र, दूध, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती आदि पूजा सामग्री अर्पित करने के साथ जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। नगर के श्री सत्य नारायण मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर विष्णुपुरी, मां गायत्री मंदिर, श्री प्राचीन शिव मंदिर, श्री लटूरिया आश्रम, श्री बेलबाबा मंदिर, श्री राधा कृष्ण मंदिर, श्री आंवलेश्वर मंदिर, मां जगदम्बा मंदिर, श्री शिव मंदिर रामलीला मौहल्ला, श्री कालू सिद्ध मंदिर, मां शीतला देवी मंदिर आदि मंदिरों सहित ग्राम मोतीनगर, मोटाहल्दू, हल्दूचौड़, फतेहपुर, दमुआढूंगा, रानीबाग, कालीचोड़, कुसुमखेड़ा, गौलापार, लामाचौड़ आदि क्षेत्रों व अनेक मौहल्लों में स्थित शिवालयों में जलाभिषेक करने शिवभक्तों का मेला लगा रहा।

